**सुविचार**
अगर कुछ गलत हो रहा हैं तो उससे भागने की बजाए उसे ठीक करे तभी आगे बढ़ पाएंगे।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 22 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 216 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com





08
प्रियंका ने रेस्टोरेंट सोना से बनाई दूरी


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 65,216.09 |
| निफ्टी | : | 19,393.60 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,545 |
| चांदी | : | 76.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### उत्तराखंड के टिहरी में लैंडस्लाइड, 3 की मौत

**DEHRADHUN :** उत्तराखंड के टिहरी में सोमवार को लैंडस्लाइड हुई। इस हादसे में एक कार मलबे में फंस गई, इसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को बाहर निकाला। उधर, देहरादून में प्रसिद्ध टपकेश्वर महादेव मंदिर का एक हिस्सा तेज बारिश में ढह गया। मंदिर जाने का रास्ता भी कुछ देर के लिए बंद हो गया था। वहीं, हिमाचल प्रदेश के कोल डैम में देर रात एक नाव फंस गई थी। नाव में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के पांच अधिकारी और पांच स्थानीय लोग सवार थे। एनडीआरएफ की टीम ने तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मंडी के डीएम के मुताबिक, रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार तड़के 3 बजे खत्म हुआ।

### उत्तर झारखंड में कल भारी बारिश का यलो अलर्ट

**RANCHI :** उत्तर झारखंड में 23 अगस्त को कहीं-कहीं भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान संताल परगना के साथ-साथ पलामू प्रमंडल में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। झारखंड में मानसून अभी कमजोर है। लेकिन मंगलवार से यह सक्रिय हो सकता है। बुधवार से मानसून जोर पकड़ेगा और शुक्रवार तक पूरे राज्य में बारिश होने का पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है। गुरुवार और शुक्रवार को संताल परगना क्षेत्र में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी रहेगा। इन तीन दिनों के दौरान राज्य में कुछेक जगहों पर वज्रपात होने की चेतावनी भी दी गई है।

### ऊपरी आयु सीमा में छूट देने की मांग

**RANCHI :** झारखंड में वर्ष 2018 में अंतिम बार न्यायिक सेवा, सिविल जज (जूनियर डिविजन) के लिए प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विज्ञापन निकाली गई थी। इसके बाद वर्ष 2019, 2020, 2021 और 2022 में इस परीक्षा के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा नियुक्ति नहीं निकाली गई। ऐसे में कई प्रतिभागी चार वर्ष पूर्व तक आयु सीमा में आर्हता रखते थे, लेकिन वर्ष 2023 में निकाली गई नियुक्ति विज्ञापन में उनकी उम्र सीमा समाप्त हो गई। हजारों छात्र अब परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे। झारखंड छात्र मंच के अध्यक्ष सुनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि जेपीएससी की गलती के कारण हम छात्रों को इस प्रतियोगिता परीक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। इसलिए प्रतियोगिता परीक्षा विज्ञापन संख्या 22/2023 में को रद्द किया जाए।



**हर हर महादेव :** सातवीं सोमवारी पर नागपंचमी का शुभ संयोग रहा। पहाड़ी मंदिर सहित सभी देवालयों में नाग देवता की पूजा की गयी। ऐसा संयोग 24 साल के बाद बना। सुबह से ही पहाड़ी मंदिर में भोले बाबा का जलाभिषेक भक्तों द्वारा किया गया। नारियल पानी, दूध, दही सहित अन्य तरल पदार्थों से अर्घा के द्वारा शिवलिंग पर अभिषेक किया जाता रहा। भांग, धतुरा, सफेद फुल आदि शिवलिंग पर चढ़ा कर भक्तों ने पूजा की। वहीं गेरुआ वस्त्र धारण कर कई शिव भक्तों ने स्वर्णरेखा नदी से जल लाकर बाबा का जलाभिषेक किया।

# डीवीसी कोल माइंस में उग्रवादियों का कोहराम

## कांटा घर को फूंका, लाखों का नुकसान, कर्मचारियों को पीटा

**CRIME REPORTER LATEHAR :** सदर थाना क्षेत्र में तुबेद गांव में दामोदर घाटी परियोजना (डीवीसी) कंपनी के द्वारा संचालित कोल माइंस में रविवार की रात्रि झारखंड लाल टाइगर (जेएलटी) नामक उग्रवादी संगठन ने धावा बोलकर कांटा घर को आग के हवाले कर जमकर उत्पात मचाया। उग्रवादियों ने कांटा घर के कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, हाइवा चालक के साथ भी जमकर पिटाई कर दी है। इसके साथ ही उग्रवादियों ने चंदवा ब्लॉक के नाजिर रोशन उपाध्याय के कार को भी क्षतिग्रस्त करते हुए उनके साथ भी मारपीट की है। इस दौरान कोल माइंस में उग्रवादियों ने दहशत फैलाने को लेकर कई राउंड फायरिंग भी की है। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों एवं कोलियरी के कर्मचारियों को बंधक बनाकर लगभग दो घंटे तक पिटाई की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आधा दर्जन से अधिक कि संख्या में हथियारबंद वर्दी धारियों ने जोहार झारखंड, जय झारखंड, झारखंड लाल टाइगर संगठन जिंदाबाद का नारा लगाते हुए कोलियरी कर्मियों को धमकी देते हुए कहा कि बिना संगठन को मैनेज किये, अगर कोलियरी चलता है तो इससे भी बुरा अंजाम भुगतने को तैयार रहने का फरमान जारी किया है। ग्रामीणों ने बताया कि उग्रवादियों का दस्ता बिना नंबर के दो बोलेरो पर सवार होकर आया था और घटना को अंजाम देकर कुंदरी गांव की और निकल गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी। दामोदर घाटी परियोजना (डीवीसी) कंपनी के द्वारा संचालित कोल माइंस में उग्रवादियों के द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद झारखंड लाल टाइगर उग्रवादी संगठन के सुप्रिमो धीरज जी ने पर्चा छोड़कर जिम्मेवारी ली है। उन्होंने पर्चा में लिखा है कि जेएलटी उग्रवादी संगठन के द्वारा डीवीसी कंपनी को सुचित किया जाता है कि मैनेज किए बगैर काम करने पर इससे भी बुरा अंजाम जेएलटी उग्रवादी संगठन के द्वारा दिया जाएगा।



उग्रवादियों द्वारा फूंका हुआ कांटा घर व अंदर जला पड़ा सामान।

### नौ की संख्या में आए थे उग्रवादी

तुबेद गांव दामोदर घाटी परियोजना (डीवीसी) कंपनी के द्वारा संचालित कोल माइंस के लोकल गार्ड सुनील उरांव, मंगलदेव उरांव, कांटा कम्प्यूटर ऑपरेटर ताज खान, सोनू कुमार सिंह ने बताया कि नौ की संख्या में हथियार से लैस होकर आए और कांटा घर को दरवाजा खटखटा कर खुलवाने का प्रयास किया परंतू हमलोगा दरवाज नहीं खोले तो पेट्रोल छिड़कर आग के हवाले कर दिया। इसके बाद दरवाजा खोले तो हमलोगों के साथ भी मारपीट की गई।

# अब चंदा मामा चंद कदम दूर, कल LANDING की उलटी गिनती शुरू

## चंद्रयान-2 ने चंद्रयान-3 का किया स्वागत, दोनों के बीच संचार स्थापित

**AGENCY NEW DELHI :** चंद्रयान-3 इतिहास रचने के महज कुछ ही घंटों की दूरी पर है। चांद पर लैंडिंग की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 23 अगस्त शाम 5.45 मिनट पर चंद्रयान-3 चांद पर कदम रखेगा। इस बीच सोमवार को चंद्रयान-2 ने चंद्रयान -3 का औपचारिक स्वागत किया। दोनों के बीच दोतरफा संचार स्थापित हो गया है। इससे पहले इसरो ने यान द्वारा ली गई चंद्रमा की कुछ तस्वीरें भी साझा की। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। दोनों के बीच द्विपक्षीय संपर्क स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में भारत ने अपना मिशन चंद्रयान-2 लॉन्च किया था लेकिन सॉफ्ट लैंडिंग में गड़बड़ी हो गई थी। चंद्रयान-2 क्रैश हुआ लेकिन इसने अपना काम किया था। चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर पिछले 4 साल से चांद के इर्द-गिर्द चक्कर लगा रहा है और अपना काम कर रहा है।

### चंद्रयान-3 की होगी सफल सॉफ्ट लैंडिंग : ISRO चीफ

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने भारत के चंद्रमा मिशन को अब तक सफल बताते हुए कहा है कि चंद्रयान-3 की सभी प्रणालियां अब तक पूरी तरह से काम कर रही हैं और 23 अगस्त को भारतीय समयानुसार लगभग 18:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। बुधवार को लैंडिंग के समय किसी भी आकस्मिकता की आशंका नहीं है डॉ. सोमनाथ ने सोमवार को चंद्रयान-3 की लैंडिंग की तैयारियों और मौजूदा स्थिति के बारे में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह को आधिकारिक जानकारी दी। इसरो के अध्यक्ष ने मंत्री को बताया कि चंद्रयान-3 की सभी प्रणालियां पूरी तरह से काम कर रही हैं और 23 अगस्त को लगभग 18:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। बुधवार को लैंडिंग के समय किसी भी आकस्मिकता की आशंका नहीं है। अगले दो दिनों में चंद्रयान-3 की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाएगी।

### बिहार में जाति गणना पर रोक लगाने से SC ने किया इन्कार

**NEW DELHI :** बिहार में जाति गणना पर रोक लगाने की मांग को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता जब तक यह साबित नहीं कर देते हैं कि जाति गणना कराना गलत है, तब तक बिहार सरकार के सर्वे कराने के फैसले पर रोक नहीं लगायी जायेगी। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश एसवीएन भट्टी की खंडपीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के जाति गणना के भावी परिणामों पर जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय देने की मांग को स्वीकार कर लिया। पीठ के समक्ष मेहता ने जातिगत सर्वे के संभावित खतरे को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इसके कुछ संभावित असर हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने संभावित असर को लेकर विस्तार से नहीं बताया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह बिहार सरकार को जाति गणना के आंकड़े जारी करने से रोके। पीठ ने कहा कि जाति गणना को लेकर डाटा इकट्ठा करने का काम पूरा हो चुका है और अब इसके विश्लेषण का काम बाकी है।

# यौन शोषन का आरोपी दरोगा ने की आत्महत्या

## रांची के लालपुर थाना में था पदस्थापित

**CRIME REPORTER RANCHI :** लालपुर थाना में पदस्थापित रहे 2018 बैच के दरोगा शशांक कुमार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। शशांक कुमार ने चतरा जिले के हंटरगंज स्थित अपने घर पर जहर खाकर सोमवार की देर शाम आत्महत्या की। शशांक कुमार के ऊपर साल 2022 में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगा था। इस मामले में सीआइडी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मुख्यालय ने शशांक कुमार के ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने की अनुमति दी गई थी। सीआईडी की रिपोर्ट के बाद लालपुर थाना में पदस्थापित रहे दारोगा शशांक कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलेगी। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रांची एसएसपी को पत्र लिखा था। लिखे पत्र में कहा गया है कि लालपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 255/2022 का सुपर विजन डीएसपी या एसपी स्तर से कराना सुनिश्चित करें। इस कांड में संबंधित विभागीय कार्यवाही संभवत डीएसपी बुंडू द्वारा की जा रही है।



शशांक कुमार की फाइल फोटो।

### क्या है पूरा मामला

लालपुर थाना में पदस्थापित रहने के दौरान दरोगा शशांक कुमार से पीड़ित युवती की बातचीत मोबाइल फोन खो जाने से संबंधित केस को लेकर शुरू हुई थी। इसके बाद वह हमेशा उसे फोन करने लगा। फिर उसने शादी का प्रलोभन देकर कई बार उसका यौन शोषण किया। जब युवती गर्भवती हो गयी, तब शशांक ने युवती से लालपुर थाना परिसर स्थित मंदिर में शादी कर ली। बाद में उसने बहाना बनाकर युवती को अपने साथ नहीं रख कर वापस हॉस्टल छोड़ दिया और दूसरी युवती से शादी कर ली। तब युवती ने दुष्कर्म के आरोप में शशांक के खिलाफ आठ दिसंबर 2022 को लालपुर थाना में केस दर्ज कराया। कार्रवाई नहीं होने पी पीड़ित युवती ने दारोगा के खिलाफ सीआइडी मुख्यालय में शिकायत की थी।

# पुलवामा में जबरदस्त मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

**AGENCY PULWAMA :** जम्मू एंड कश्मीर एक बार फिर से गोलियों के तड़तडाहट से गूंज उठा। भारतीय सेना और आतंकवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ बीते रविवार रात को जम्मू कश्मीर के पुलवामा के परिगाम गांव में हुई। इस मुठभेड़ में सेना के जवानों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। कुछ आतंकवादियों के छिपे जाने की भी सूचना मिली है। सेना के द्वारा आतंकवादियों की छानबीन लगातार की जा रही है। हालांकि इस सबंध में अभी तक सेना की ओर से घटना की पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि पुलवामा के परिगाम गांव में आतंकवादियों के छुपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना के जवानों ने जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर उन्हें पकड़ने के लिए ऑपरेशन शुरू किया। तभी आतंकवादियों ने हथियारों से लैस फायरिंग शुरू कर दी। ऐसे में सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें दो आतंकवादी मौके पर ही ढेर हो गए।

### क्वाड देशों का नौसैन्य अभ्यास मालाबार खत्म

**NEW DELHI :** चीन की आंखों में किरकिरी बना क्वाड देशों का नौसैन्य अभ्यास मालाबार ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर खत्म हो गया। समुद्री और बंदरगाह चरणों में युद्ध के सभी तीन क्षेत्रों में विभिन्न जटिल और उच्च तीव्रता वाले अभ्यास किये गए, जिसमें हथियार फायरिंग अभ्यास सहित सतह-रोधी, हवा-रोधी और पनडुब्बी-रोधी अभ्यास शामिल हैं। इस बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास पर निगरानी के लिए चीन ने सैकड़ों उपग्रह तैनात किए थे। ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में पहली बार हुए क्वाड देशों की नौसेनाओं के जटिल समुद्री अभ्यास मालाबार में शीर्ष नौसैन्य कमांडरों के साथ हिंद-प्रशांत पर भी चर्चा हुई। इस समुद्री अभ्यास में भारतीय नौसेना, रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना, जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स और अमेरिकी नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों की भागीदारी देखी गई।

# अवैध खनन केस में याचिका का पैरवीकार लापता

## लोअर चुटिया स्थित आवास से विवेक भगत को दो लोग ले गए, खोज में जुटी पुलिस

**CRIME REPORTER RANCHI :** अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच के लिए दायर याचिका के पैरवीकार लापता हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, रविवार की रात दो लोग विवेक कुमार भगत के लोअर चुटिया स्थित घर पर आए और उसे अपने साथ ले गए। परिजनों को पहले लगा कि पुलिस उसे अपने साथ ले गई है, लेकिन पुलिस ने मामले में अनभिज्ञता जताई है। गौरतलब है कि साहेबगंज स्थित नींबू पहाड़ पर अवैध खनन की सीबीआई जांच की याचिका दायर करने की बात विजय हांसदा पलट चुका है। जिसके बाद ईडी ने उससे पूछताछ के लिए समन भेजकर उपस्थित होने को कहा, लेकिन वो उपस्थित नहीं हुआ। 17 अगस्त को हाइकोर्ट ने विजय हांसदा की उस प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया था। जिसमें उसकी ओर याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया था। उसकी ओर से एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कहा गया था कि इस संबंध में उन्होंने हाईकोर्ट में कोई याचिका दाखिल नहीं की थी। वे न तो अधिवक्ता को जानते हैं और न ही इस मामले में के पैरवीकार को। पैरवीकार लातेहार का रहने वाला है,जबकि वे संताल परगना के रहने वाले हैं।

### डीएसपी राजेंद्र दुबे को ईडी का समन




साहेबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में ईडी ने डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेजा है। जिसमें राजेंद्र दुबे को 4 सितंबर को ईडी ऑफिस हाजिर होने को कहा है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले बीते नौ दिसंबर 2022 को ईडी ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनधि पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे लगातार उससे संपर्क में थे। ईडी के समक्ष राजेंद्र दुबे ने कबूला है कि वह रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मिले थे। वहीं लगातार उनसे फोन पर बात की थी। राजेंद्र दुबे ने बताया है कि पंकज मिश्रा और अपने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ही ईडी के गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी।

## नरेंद्र मोदी बोले- अंग्रेजी न जानने वाले छात्रों के साथ हुए अन्याय को हमारी सरकार ने किया खत्म

# मातृभाषा में पढ़ाई से होगा बड़ा बदलाव : प्रधानमंत्री

**PHOTON NEWS BJOPLA :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में 'मातृभाषा में पढ़ाई को लेकर बहुत बड़ा काम हुआ है। अंग्रेजी न जानने वाले छात्रों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई न कराकर, एक तरह से उनके साथ अन्याय किया गया था। यह सामाजिक न्याय के विरुद्ध था। हमारी सरकार ने इस अन्याय को दूर कर दिया है। अब सिलेबस में क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों पर बल दिया गया है। देश की शिक्षा व्यवस्था में यह बहुत बड़े बदलाव का आधार बनेगा।'



प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित नवनियुक्त शिक्षकों के नवनियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। भेल स्थित सीएम राइज शासकीय महात्मा गांधी उमावि में आयोजित प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्र 2023-24 में प्रदेश में नवनियुक्त पांच हजार 580 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

### मध्य प्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की हुई भर्ती

पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि 'मैं मध्य प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले साढ़े पांच हजार से ज्यादा शिक्षकों को बधाई देता हूं। मुझे बताया गया कि पिछले तीन साल में मध्य प्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती हुई है। इसके लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट है कि पांच साल के अंदर भारत में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। इस साल फाइल होने वाली इनकम टैक्स रिटर्न संख्या भी दूसरा महत्वपूर्ण संकेत दे रही है। पिछले नौ साल में लोगों की औसत आय में बढ़त हुई है। आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2014 में औसत आय चार लाख रुपये थी, जो 2023 में बढ़कर 13 लाख रुपये हो गई है।

### ब्रिटेन में बच्चों को मारने वाली नर्स को उम्रकैद

**LONDON :** ब्रिटेन के मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट ने 7 बच्चों की जान लेने वाली नर्स को उम्रकैद सुनाई है। इस नर्स का नाम लूसी लेटबी है। सोमवार को कोर्ट की कार्रवाई शुरू होने पर जज जस्टिस गॉस ने कहा- लेटबी ने अदालत आने से इनकार कर दिया है। लिहाजा, उसकी गैरमौजूदगी में ही सजा का ऐलान किया गया। लेटबी को काउटेंस ऑफ चेस्टर हॉस्पिटल में 7 बच्चों की हत्या का दोषी पाया गया था। सातों बच्चों को उसने अलग-अलग तरीके से मारा था। इसके अलावा 6 बच्चों को जान से मारने की कोशिश का आरोप भी साबित हुआ। सभी घटनाएं जून 2015 से जून 2016 के बीच अंजाम दी गईं। लेटबी के खिलाफ भारतीय मूल के डॉक्टर रवि जयराम भी गवाह थे।

# रेप विक्टिम को अबॉर्शन की SC ने दी इजाजत

**AGENCY NEW DELHI :** गुजरात की रहने वाली 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट रेप विक्टिम को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अबॉर्शन की इजाजत दे दी। महिला ने पहले हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने बिना कारण बताए 17 अगस्त को उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद पीड़ित 19 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट पहुंची। उसी दिन गुजरात हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एक ऑर्डर जारी किया। जिसमें लिखा कि उन्होंने पीड़ित पक्ष की याचिका खारिज करते हुए उनसे पूछा था कि क्या वह बच्चे को जन्म देकर उसे स्टेट को सौंपना चाहती हैं। गुजरात हाईकोर्ट का यह ऑर्डर देख सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना काफी नाराज हुईं। उन्होंने कहा - सुप्रीम कोर्ट के किसी आदेश के जवाब में हाईकोर्ट से कुछ ऑर्डर आता है।



# पानी का कुशल प्रबंधन जल सुरक्षा और आर्थिक विकास की प्रमुख कुंजी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति से मीले इंजीनियरिंग सेवाओं के अधिकारी



इंजीनियरिंग सेवाओं के अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति

**AGENCY NEW DELHI:** केंद्रीय जल इंजीनियरिंग सेवाओं के अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मौके पर राष्ट्रपति ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि पानी जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। जल संसाधन प्रबंधन हमेशा सभी पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग समाधान प्रदान करके जल बुनियादी ढांचे के विकास में केंद्रीय जल इंजीनियरिंग सेवाओं के अधिकारियों का योगदान देश को प्राकृतिक और मानव निर्मित जल संकट के खिलाफ अधिक लचीला बना देगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिक आर्थिक विकास और बढ़ते शहरीकरण और विकास के साथ, उपलब्ध संसाधनों के इष्टतम उपयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि जलवायु की बदलती प्रवृत्ति ने पहले ही जल क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू कर दिया है और हमारे देश में विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग भौगोलिक और जलवायु पैटर्न हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि केंद्रीय जल इंजीनियरिंग सेवा अधिकारियों से मौजूदा और आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। उन्होंने उन्हें टिकाऊ तरीके से जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन पर जोर देने की सलाह दी।

## सेनापत्नि कलयान संघ के उत्सव में सामील हुई राष्ट्रपति

**AGENCY NEW DELHI:** आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष अर्चना पांडे की मेजबानी में सोमवार को राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में 'अस्मिता-आर्मी वाइव्स की प्रेरक कहानियां' के दूसरे सत्र का आयोजन किया गया। इस मंच के जरिये सैनिकों की पत्नियों की उन प्रेरक कहानियों को साझा किया गया, जिन्होंने कई चुनौतियों के बावजूद अपनी दृढ़ता से विभिन्न क्षेत्रों में अपने लिए एक जगह बनाई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य अतिथि के रूप में उत्सव की शोभा बढ़ाई। एडब्ल्यूडब्ल्यूए संस्था सेना कर्मियों के जीवनसाथी, बच्चों और आश्रितों के कल्याण के लिए काम करती है। आधिकारिक तौर पर 23 अगस्त, 1966 को अस्तित्व में आने के बाद से इस एसोसिएशन



का दायरा साल-दर-साल बढ़ा है और आज यह देश के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठनों में से एक है। 'अस्मिता' साहसी सैन्य पत्नियों और उपलब्धि हासिल करने वालों के लिए ऐसा मंच है, जिन्होंने अपने वृत्तांतों को बताने और अपने जैसे अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए कई बाधाओं को तोड़ दिया है। यह उन बहादुर महिलाओं के संघर्ष को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भयावह बाधाओं का सामना किया लेकिन फिर भी डटी रहीं। 'अस्मिता' के इस दूसरे सत्र में झारखंड में विज्ञान शिक्षक जया प्रभा महतो, लेखिका और सोशल एक्टिविस्ट डॉ. संजना नायर, कैंसर केयर और पैलिएटिव केयर काउंसलर वंदना महाजन, लेखिका और स्तंभकार अंबरीन जैदी, कारगिल युद्ध के अनुभवी कैप्टन याशिका एच त्यागी (सेवानिवृत्त), स्थायी टैटू और मेकअप कलाकार सुश्री फ्लोरेंस हनामटे, और वीर नारी लेफ्टिनेंट ज्योति की बातचीत शामिल थी। इसके अलावा पर्वतारोही सुश्री अरुणिमा सिन्हा और शास्त्रीय नृत्यांगना सुश्री आनंद शंकर जयंत ने भी दर्शकों को संबोधित किया। एक प्रदर्शनी में सेना की पत्नियों के असाधारण उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन किया गया। 'अस्मिता' का पहला सत्र पिछले साल 14 अक्टूबर को आयोजित किया गया था, जिसमें वीर नारियों, सेना कर्मियों के जीवनसाथी, कलाकारों, डॉक्टरों, लेखकों, कैंसर विजेता और दिग्गजों सहित एडब्ल्यूडब्ल्यूए बिरादरी के विभिन्न वर्गों ने अपनी-अपनी प्रेरक कहानियां मंच पर रखीं। इसके बाद इस साल 11 फरवरी को कोलकाता में 'अस्मिता पुरबा' का आयोजन हुआ। इन दोनों कार्यक्रमों की कामयाबी ने कई सेना पत्नियों को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की और 'अस्मिता सत्र 2' का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ और विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी सम्मानित अतिथि थीं।

## राष्ट्रपति 22 से 24 अगस्त तक गोवा दौरे पर रहेंगी



**NEW DELHI:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 से 24 अगस्त तक गोवा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति भवन ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। राष्ट्रपति 22 अगस्त को गोवा के राजभवन में उनके सम्मान में गोवा सरकार द्वारा आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में भाग लेंगी। इस अवसर पर वह चयनित लाभार्थियों को वन अधिकार अधिनियम के तहत सनद भी वितरित करेंगी। राष्ट्रपति 23 अगस्त को गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और राजभवन में गोवा के जनजातीय लोगों से बातचीत करेंगी।

BRIEF NEWS

## स्वास्थ्य मंत्री ने की ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर से मुलाकात



**NEW DELHI:** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट करके जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ऑस्ट्रेलिया के सांसद, स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल मंत्री मार्क बटलर के साथ अद्भुत मुलाकात रही। इस बैठक में दोनों देशों के बीच डिजिटल स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण और जेनेरिक दवाओं के विनिर्माण एवं आपूर्ति में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## उत्तराखण्ड रज्य को अपनी कर्मभूमि बनाएं उद्यमी : मुख्यमंत्री धामी

**DEHRADUN:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में देश के उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों से संवाद कर उद्यमियों का उत्तराखण्ड को अपनी कर्मभूमि बनाने का आह्वान किया। हमारे उद्यमी राज्य के ब्रांड एम्बेसडर हैं। संवाद के दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखने के साथ राज्य में निवेश की भी सहमति जताई। सोमवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 निवेश को लेकर उद्यमियों के साथ संवाद कार्यक्रम यह बातें कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देश की अर्थ व्यवस्था को यूएसडी 5 ट्रिलियन बनाये जाने का लक्ष्य रखा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड राज्य द्वारा राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए सशक्त उत्तराखण्ड मिशन लॉन्च किया गया है, जिसके अन्तर्गत अगले 5 वर्षों में राज्य की जीएसडीपी दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार इस लक्ष्य की प्राप्ति की कड़ी के रूप में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की निवेशक केन्द्रित नीतियां, बुनियादी ढांचे में निवेश, कुशल जनशक्ति की उपलब्धता और गुड गवर्नेंस के द्वारा राज्य में स्वस्थ निवेश के वातावरण की नींव रखी है। बेहतर योजना संरचना, प्रभावी नीति निर्धारण, नवाचारों का प्रोत्साहन एवं अन्तर्विभागीय समन्वय तथा विकास कार्यों के अनुश्रवण व मूल्यांकन के लिए नीति आयोग की तरह राज्य में सेतु (स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड) का गठन किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने की बसई में महाविद्यालय शुरू करने बसई को नगर पंचायत बनाने की घोषणा

**BHOPAL:** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार शाम को मप्र के दतिया नगर में 29 करोड़ 30 लाख की लागत से बनने वाले नए एयरपोर्ट का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चौहान बसई में महाविद्यालय खोलने, नगर पंचायत बनाने के साथ-साथ ग्राम खिरिया फैजुल्ला का नाम खिरिया सरकार करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक विकास दतिया में हुआ। इसके पीछे गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की मेहनत एवं परिश्राम के साथ माँ पीताम्बरा की कृपा रही है। बहनों के खाते में प्रति माह एक हजार रुपये की राशि पहुँच रही है, जो धीरे-धीरे बढ़ाकर प्रतिमाह तीन हजार की जायेगी। यह राशि नहीं है, बल्कि बहिनों के मान सम्मान देने के साथ उनका हक दिया है। बहनें अब पैसे के लिए किसी के सामने हाथ नही फैलाएंगी। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत माँ पीताम्बरा की धरा दतिया से ही की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनयरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बेटा-बेटियों की फीस अब सरकार भरेगी।

## सीएम हेमंत सोरेन बोले, झारखंड में बड़ी संख्या में होंगी सरकारी नियुक्तियां

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारी सरकार ने हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्ति की है। जल्द बड़ी संख्या में और भी सरकारी नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार के गठित होते ही वैश्विक महामारी कोरोना ने देश और दुनिया में दस्तक दी। हमारी सरकार ने बिना कोई अफरा-तफरी के कोरोना संक्रमण से राज्यवासियों को बचाया। पिछले साढ़े तीन वर्ष में हमारी सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी सोच है कि हम झारखंड की जड़ को मजबूत करें। हालात जैसे भी हों, राज्य में विकास के कार्य अवरुद्ध नहीं होने चाहिए। झारखंड हर दिन विकास की नई ऊंचाइयों को छुए, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाते



हुए राज्यवासियों की भावना के अनुरूप हमारी सरकार चल रही है। हमारी सरकार ने झारखंड के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में पशु चिकित्सक, फॉरेंसिक लैब साइंटिस्ट इत्यादि की नियुक्तियां की गयी हैं। हजारों की संख्या में और भी अलग-अलग क्षेत्रों में भी सरकारी नियुक्तियां हुई हैं। राज्य के समावेशी विकास के लिए सरकारी नौकरी की भूमिका के साथ-साथ स्वरोजगार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। सरकार ने ऐसे कानून भी बनाए हैं कि झारखंड में स्थापित उद्योग सेक्टर में 75% स्थानीय लोगों को ही नौकरी मिल सके।

## बिना प्रशिक्षण के ही रेलवे माल गोदाम में लोडिंग-अनलोडिंग कर रहे श्रमिक

**PHOTON NEWS RANCHI:** भारत सरकार के स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय ने भारतीय माल गोदाम श्रमिक यूनियन को पुरे भारत मे रेलवे माल गोदाम श्रमिको के लिए प्रशिक्षण का जिमीदारी दी है। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ परिमल कांति मंडल ने कहा ,"रेलवे माल गोदाम के श्रमिको ने लम्बे समय से बिना प्रशिक्षण के ही लोडिंग और अनलोडिंग का काम करते आ रहे है। मालगाड़ी में सीमेंट, कोयला, लोहा, विभिन्न खनिज, गेहूं, चावल बहुत सारे सामान भारत के एक स्थान से दूसरे स्थान में भेजा जाता है। और उसके साथ इन सभी वस्तुओं को वाहन से उतारना और वाहन में चढ़ाने का काम श्रमिकों द्वारा किया जाता हैं। ये सभी श्रमिक खुद के सुरक्षा के बिना ही काम करते आ रहे हैं। ऐसे में उन्हें विभिन्न बीमारियों और चोटों का सामना करना पड़ता है। कई बार वे




दुर्घटनाओं के कारण घायल हो जाते हैं।भारत के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने पहले से ही भारतीय रेलवे के माल ढुलाई विभाग को विश्व स्तरीय बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इसलिए माल गोदाम श्रमिकों को भी उचित प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इससे श्रमिकों की दक्षता में वृद्धि होगी, श्रमिक स्वस्थ वातावरण में काम कर सकेंगे और काम बेहतर होगा। यह प्रशिक्षण कार्य रांची से शुरू हो गया है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंत में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले श्रमिको को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। और यह श्रमिक आय न्यूनतम मजदूरी के अंतर्गत आएंगे। अगले 5 वर्षों तक इस प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिकों के अलावा कोई अन्य यह कार्य नहीं कर सकेगा।यह हमारे यूनियन की बड़ी सफलता है। ₹इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने वकील श्री आरआर बाघ, बीआरएमजीएसयू केंद्रीय समिति के सदस्य और प्रशिक्षक जाकिर हुसैन, आशीष बाउरी, अरूप कैवर्त और प्रमुख नेता उपस्थित थे।

## हर माह सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में होगी जनसुनवाई, मंत्री रहेंगे मौजूद

**PHOTON NEWS RANCHI:** फंल्लूँ : प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रत्येक माह सोमवार को जनसुनवाई की जायेगी। इसमें सरकार में शमिल कांग्रेस कोटे के मंत्री मौजूद रहेंगे। यह निर्णय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में लिया गया।

बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता एवं बदल पत्रलेख मौजूद थे।

जनसुनवाई को लेकर लिए गये निर्णय में प्रत्येक मंत्री प्रत्येक माह सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठ कर जनसुनवाई करेंगे, जिसकी सूचना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संबंधित जिले के कार्यकारी अध्यक्ष, जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी को भी दिया जाना है।

**प्रत्येक मंत्री हर माह दो–दो जिलों में जनसुनवाई करेंगे**




बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंत्री हर माह दो-दो जिलों में जनसुनवाई करेंगे। साथ ही कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को विधानसभा क्षेत्र का कार्य भी सौंपा गया है, जिसमें हर माह एक विधानसभा में जनसुनवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई, जिसमें तय हुआ कि सभी नेता डुमरी विधानसभा में गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार में अहम भूमिका निभायेंगे।

## भाजपा ने कर्नाटक में किसानों की स्थिति पर राज्य सरकार पर जमकर साधा निशाना

**AGENCY NEW DELHI:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक में किसानों की खराब होती स्थिति पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कर्नाटक में कृषि क्षेत्र पूरी तरह बर्बाद हो गया है। यह स्थिति किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कई जिले सूखे की मार झेल रहे हैं और मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तथा राज्य के कृषि मंत्री बेंगलुरु



से बाहर नहीं निकले हैं। उनकी यात्रा केवल बेंगलुरु और दिल्ली के बीच सीमित है। मंत्रियों को किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें किसानों के दर्द से भी कोई मतलब नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के किसानों की दयनीय स्थिति के बावजूद राजनीतिक दबाव के आगे झुक कर तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ा जा रहा है।

राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने अपने सहयोगी मंत्रियों से बिना परामर्श किए 10 टीएमसी कावेरी जल छोड़ने की घोषणा की है। यूपीए के अहंकारी गठबंधन के तहत डीएमके के दबाव के कारण मंत्री झुक रहे हैं। इस तरह की राजनीति का खमियाजा कर्नाटक के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

## भाजपा ने विधायकों को चुनाव प्रचार के लिए लगाया

**PHOTON NEWS RANCHI:** छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते छत्तीसगढ़ में जीत का पताका लहराने को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में झारखंड के भाजपा विधायकों को चुनावी मोर्चे पर लगाया गया है। इनमें राज सिन्हा, नीलकंठ सिंह मुंडा, अमित मंडल, समरी लाल, अमर कुमार बाउरी, कोचे मुंडा, आलोक चौरसिया सहित अन्य विधायक भी शामिल हैं।

विधायक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी के तौर पर चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के पक्ष में कैसे



माहौल बनाते हुए चुनाव प्रचार अभियान और दूसरे कामों को गति दी जाएगी, इसके लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से सोमवार को रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रवासी विधायक कार्यशाला सह विधायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं के स्तर से भाजपा विधायकों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

### सोनहातु प्रखंड में बोले आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो-विकास की परिकल्पना शिक्षा के बिना अधूरी

## आजसू पार्टी ने दी स्टूडेंट एक्सप्रेस बस सेवा की सौगात

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सोनाहातू प्रखंड के टांग-टांग मोड़ में कहा कि स्टूडेंट एक्सप्रेस बस सेवा के शुभारंभ होने से पढ़ेगा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र, बढ़ेगा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र जैसे अभियान को मजबूती मिलेगी। यह सेवा दूर-दराज के इलाकों से आने वाले छात्रों को आगे बढ़ने और पढ़ने के लिए हौसला भी देगी। शिक्षा के क्षेत्र में सिल्ली विधानसभा पूरे राज्य में एक नजीर पेश करे, इसके लिए लगातार की जा रही कोशिशों की यह एक अहम कड़ी है। रोड मैप के तहत आगे भी कई काम करने हैं। सभी छात्रों को बस में चढ़ने और उतरने के लिए अपने स्मार्ट आईकार्ड का प्रयोग करना होगा, जिससे प्रबंधन को यह



बस सेवा शुभारंभ पर सुदेश महतो व छात्र-छात्राए ● फोटोन न्यूज

जानकारी होगी कौन छात्र कहां से चढ़ रहे हैं और कहां उतर रहे हैं। ये सभी बसें सीएनजी संचालित हैं, जिससे प्रदूषण न के बराबर होगा और पर्यावरण को नुकसान भी कम पहुंचेगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि विकास की परिकल्पना शिक्षा के बिना अधूरी है। सिल्ली विधानसभा के छात्र राज्य समेत पूरे देश में क्षेत्र का नाम रोशन करे, इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ ह्यपढ़ेगा सिल्ली विधानसभा बढ़ेगा सिल्ली विधानसभाह्व अभियान के तहत इस दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। यह बस सेवा सिल्ली विधानसभा के छात्रों की पढ़ाई पूरी करने में मील का पत्थर साबित होगी और इससे उनके सपनों एवं हौसलों को एक नई उड़ान मिलेगी।

**नि:शुल्क बस सेवा का लाभ उठा सकेंगे सभी वर्ग के विद्यार्थी**

सुदेश महतो ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी, जो किसी कारण से रांची तक नहीं पहुंच पा रहे थे, उनकी मदद करने में स्टूडेंट एक्सप्रेस सहायक साबित होगी। नि:शुल्क बस सेवा का लाभ सभी वर्ग के विद्यार्थी उठा सकेंगे। विद्यार्थियों को अधिक गुणवतापूर्ण शिक्षा मिल सके, इसके लिए उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज से पढ़ाई की सुविधा प्रारंभ की जा चुकी है। आईआईटी के साथ भी एमओयू किया जा रहा है।

**स्मार्ट आईकार्ड का करना होगा प्रयोग**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि आज जिन ह्यस्टूडेंट एक्सप्रेसह्न बसों की शुरूआत की गई, वे आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। बस में छात्रों की सुविधा के लिए फ्री वाई फाई, टीवी और पंखे लगाए गए हैं। बस में सुरक्षा के दृष्टिकोण से हर पहलू का ध्यान रखा गया है। बस के अंदर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इस कैमरे की लाइव निगरानी रखी जाएगी। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस में महिला सुरक्षाकर्मियों की भी मौजूदगी होगी। बस में जीपीएस होने से बस की

## नीतीश जी, इस अनर्थ को रोकिए, अटल जी ने आपको क्या कुछ नहीं दिया : बाबूलाल



**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने बिहार के नीतीश कुमार से गुहार लगायी है। उन्होंने नीतीश कुमार से कहा कि आपके राज में हो रहे अर्नथ को रोकिए, क्योंकि आपको अटल जी ने क्या कुछ नहीं दिया। लेकिन आपकी सरकार में उनका अपमान होगा, ऐसा सोचा नहीं था। दरअसल मसला बिहार के राजधानी पटना के कंकड़ाबाग स्थित अलट बिहारी वाजपेयी पार्क का है। जहां पर आधिकारिक रूप से तेजप्रताप यादव ने उनका नाम हटा कर कोकोनट पार्क अंकित करा दिया है। बाबूलाल मरांडी ने यह गुहार ट्वीट कर लगायी है।

बाबूलाल ने अपने ट्वीट में लिखा बाबूलाल ने अपने ट्वीट में कहा है कि पटना के कंकड़बाग स्थित अटल बिहारी वाजपेयी पार्क को आधिकारिक रूप से तेजप्रताप यादव कोकोनट पार्क कर देंगे। नीतीश जी, इस अनर्थ को रोकिएह्नअटल जी ने आपको क्या कुछ नहीं दिया, लेकिन उनका अपमान आपकी ही सरकार में होगा, ऐसा सोचा न था।

BRIEF NEWS

### प्रतीक्षारत पांच डीएसपी की पोस्टिंग, एटीएस को मिले चार अधिकारी

RANCHI : पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत पांच डीएसपी को पोस्टिंग मिली है। इनमें चार डीएसपी को एटीएस और एक डीएसपी को झारखंड जगुआर में पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी कर दी गई है। प्रदीप कुमार, रोहित रंजन सिंह, सुरेश प्रसाद यादव और रोहित कुमार रजवार को झारखंड एटीएस में पदस्थापित किया गया है। वहीं धनंजय कुमार राम को झारखंड जगुआर में पदस्थापित किया गया है।

### पिस्का मोड़ में डॉ अभिषेक रामधीन के घर में लगी आग

RANCHI : पंडरा ओपी क्षेत्र के इटकी रोड स्थित टंगरा टोली में डॉक्टर अभिषेक रामधीन के घर में आग लग गई। घटना सोमवार की देर शाम हुई। डॉक्टर अभिषेक रामधीन के घर के दूसरे तल्ले पर आग लगने की घटना हुई है। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही पंडरा ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है।

### निगम की ओर से 150 पौधों का किया गया वितरण

RANCHI : रांची नगर निगम की ओर से सोमवार को कांके रोड स्थित एसएस मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच 150 पौधों का वितरण किया गया। साथ ही विवेकानंद यूथ क्वेक फाऊंडेशन , एसएस मेमोरियल, एनएसएस विभाग और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं उर्जा संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें 200 छात्र-छात्राओं को संस्था की ओर से पर्यावरण संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्या डॉ वंदना राय, आशुतोष द्विवेदी, गौरव अग्रवाल और राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### लालपुर से बच्ची लापता शिकायत दर्ज

RANCHI : रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक बच्ची के लापता होने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। बच्ची के पिता सुधीर मिंज ने इस बाबत थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि उनकी बच्ची परिधि मिंज रविवार दोपहर से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली है। थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया कि बच्ची की खोजबीन जारी है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# मानगो रेप मामले में स्वास्थ्य मंत्री के भाई समेत 22 लोगों पर निचली अदालत में चलेगा TRIAL

## झारखंड हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, सभी 16 आरोपियों की दायर याचिका को किया खारिज




SPECIAL REPORTER RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिक से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपित बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने मामले में दायर सभी 16 आरोपियों की याचिका को खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा इन्हें मामले में आरोपी बनाए जाने के आदेश को सही ठहराया। अब आरोपितों के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल चलेगा। कोर्ट ने पूर्व में मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाया है। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की, वहीं पीड़िता की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि पीड़िता की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेट्टा और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपित बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली थी और सभी 22 लोगों को मामले में आरोपित बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया था, जिसे 16 आरोपितों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। मामला 19 जनवरी 2018 का है, जहां पीड़िता ने अदालत में बयान दर्ज कराया कि उसके साथ करीब 24 लोगों ने दुष्कर्म किया है। आरोप के बाद डीएसपी और थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया गया था लेकिन पुलिस की जांच में दोनों अफसरों को क्लीन चिट दे दिया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीआईडी जांच का भी आदेश दिया था लेकिन सीआईडी ने भी इनको क्लीन चिट दे दिया था।

छवि रंजन की दायर डिफॉल्ट बेल की याचिका पर हुई सुनवाई

## HC ने ED से कहा- जल्दी पूरी करें जांच

RANCHI : बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर डिफॉल्ट बेल की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। कोर्ट में मामले में ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान अदालत ने छवि रंजन की याचिका पर अदालत ने ईडी से मौखिक रूप से पूछा है कि क्या अभी इस केस में जांच जारी है। कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया है कि अगर जांच जारी है, तो इसे जल्द पूरा किया जाए। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। बता दें कि छवि रंजन ने डिफॉल्ट बेल से संबंधित सीआरपीसी की धारा 167 के पिटिशन को ईडी कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

**किस आधार पर दी गई चुनौती**

छवि रंजन ने निचली अदालत में ईडी द्वारा दायर आरोपपत्र में त्रुटि होने और निर्धारित समय से चार्जशीट दाखिल नहीं होने को जमानत देने का आधार बनाया है। इसी के आधार पर उनकी ओर से ईडी कोर्ट से जमानत का आग्रह किया गया था, जिसे ईडी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

**4 मई से जेल में बंद हैं छवि रंजन**

बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड , मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई को गिरफ्तार किया गया था।

IAS मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने का मामला

## चुनाव आयोग से मांगा जवाब

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के उपायुक्त रहते मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में चुनाव आयोग को तीन सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 सितंबर निर्धारित की है। मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ईसीआई की ओर से अधिवक्ता एके सिंह एवं शिवम कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने पक्ष रखा। डीसी देवघर मंजूनाथ ने याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें पद से हटाने का आदेश राज्य के मुख्य सचिव को भेजा है, जबकि किसी भी अधिकारी की पदस्थापन एवं तबादले का अधिकार राज्य सरकार के पास है। चुनाव आयोग को सरकार के अधिकारी को इस तरह के आदेश देने का अधिकार नहीं है। दरअसल, चुनाव आयोग ने छह दिसंबर, 2021 को झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा था, जिसमें मंजूनाथ को पद से हटाने एवं उन्हें चुनावी कार्य में नहीं लगाने का आदेश किया था। मुख्य सचिव को मंजूनाथ के खिलाफ आरोप पत्र गठित करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया था।

## वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने अग्रिम बेल के लिए लगाई गुहार

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने सोमवार को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। बीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी पर फिलहाल गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है। दोनों ही मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी हैं। ईडी ने इसी वर्ष 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

## वीरेंद्र राम के तीनों सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

RANCHI : मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद के खिलाफ ईडी ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल किया गया है। नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने के तहत पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। नीरज मित्तल पेशे से एक चार्टर्ड एकाउंटेंट है। तीनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

बीआईटी मेसरा के वाइस चांसलर के साथ डीसी ने की बैठक

## गैर विवादित जमीन पर ग्रामीणों की राय से निर्माण कराने का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को वाइस चांसलर बीआईटी मेसरा डॉ इंद्रनील मन्ना के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त ने बीआईटी मेसरा के लिए अधिग्रहित गैर विवादित भूमि को अपने अधीन लेकर उस पर भवन निर्माण कराने का निर्देश दिया लेकिन निर्माण कार्य शुरू करने के लिए ग्रामीणों की राय को भी जरूरी बताया। उपायुक्त ने बीआईटी मेसरा को गैर विवादित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर विवादित



स्थानों के संबंध में ग्रामीणों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने का भी निर्देश दिये। बीआईटी मेसरा के प्रतिनिधि को यह निर्देश दिया कि एक टीम का गठन करें जो ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करें। अंचल अधिकारी कांके को निर्देश दिया गया कि ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की ओर से भी एक टीम का गठन कराएं जो बीआईटी मेसरा के टीम के साथ विवादित मामलों पर परिचर्चा कर विवाद का सुलझायेंगे। उपायुक्त ने बीआईटी मेसरा के अंदर एवं बाहर के एरिया में चारदीवारी का कार्य कराए जाने को लेकर पहले गैर विवादित भूमि पर चारदीवारी का निर्माण कार्य कराने के तहत यह निर्देश दिया है। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता राजेश कुमार बरवार, रजिस्ट्रार बीआईटी मेसरा प्रो. संदीप दत्ता मौजूद थे।

## रांची में शूटरों को पिस्टल देने वाले गिरोह का सरगना मंजुर चढ़ा POLICE के हत्थे

कमल भूषण की हत्या करने वाले शूटरों को एक लाख रुपये में दी थी पिस्टल

CRIME REPORTER RANCHI : सुखदेव नगर पुलिस ने राजधानी में शूटरों को हथियार देने वाले गिरोह के सरगना मंजुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि राजधानी में जितनी हत्याएं हुई है उसमें से अधिक्तर मामलों में शूटरों को हथियार मंजुर ने दिया था। पुलिस ने मंजुर और छोटु से पूछताछ करने के बाद सोमवार को उन्हें भेज दिया। छोटू से पूछताछ करने के बाद पुलिस को मंजुर के बारे में सटीक जानकारी मिली। पुलिस को



पुलिस की गिरफ्त में अपराधी छोटू कुजूर व हथियार सप्लायर मंजुर।

पता चला कि मंजुर अभी रातू इलाके में रह रहा है। इसके बाद भी की एक टीम रातू पहुंची और उसे गिरफ्तार कर सुखदेव नगर थाना ले आई। छोटु से मंजुर की पहचान कराई गई इसके बाद मंजुर ने पुलिस के सामने कई खुलासे किए। मंजुर ने पुलिस को बताया कि उसने हत्या की घटना को अंजाम देने से पहले शूटर उसके पास आते हैं और हथियार लेकर जाते हैं। इसके बदले मंजुर शूटरों से पैसा लेता है। कई मामलों में मंजुर को पहले से जानकारी थी कि किसी हत्या होने वाली है। मंजुर रांची पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था। मंजुर के गिरोह में और भी सदस्य हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि मंजुर ने जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या से पहले शूटरों को दो पिस्टल दिया था। इसके बदले उसने एक लाख रुपये लिया था। मंजुर को जानकारी थी कि कमल भूषण की हत्या रातू रोड में होने वाली है। मंजुर बार बार अपना सिम कार्ड बदल देता था इस वजह से पुलिस को मंजुर के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाती थी। मंजुर हर वकत दूसरे के नाम से सिम लेता था ताकि पुलिस की नजर उसपर नहीं पड़े।

## कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह का एक सदस्य धराया

CRIME REPORTER RANCHI : आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के सक्रिय सदस्य लक्की खान को धनबाद से गिरफ्तार किया है। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों की फंडिंग और अपराध से अर्जित किये हुए संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में धनबाद पुलिस के सहयोग से एटीएस की टीम ने प्रिंस खान गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी लक्की खान प्रिंस खान के निर्देश पर लेवी नहीं देने वाले कारोबारियों पर फायरिंग करने की घटना में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि अबतक की पूछताछ में धनबाद के प्रसिद्ध क्लीनिक (लैब), मछली कारोबारी रसीद महाजन एवं कपड़ा दुकान अप्सरा ड्रेसेज पर फायरिंग करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## दुर्घटना में पुलिसकर्मियों की मौत पर मिलेंगे 50 लाख रुपये

झारखंड पुलिस और भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुआ एमओयू

CRIME REPORTER RANCHI : पुलिस मुख्यालय में सोमवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में भारतीय स्टेट बैंक के बीच पुलिस सैलरी पैकेज के लिए एक एमओयू किया गया। इस एमओयू में डीजीपी की ओर से डीआईजी बजट डाक्टर शम्स तबरेज और एसबीआई की ओर से रांची जोन के डीजीएम देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर कर एक दूसरे को एमओयू के दस्तावेज सौंपे। इस सैलेरी पैकेज से पुलिस कर्मियों को




एमओयू के दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह व बैंक के अधिकारी।

निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। इसमें व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा 50 लाख, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आशिक विकलांगता पर 30 लाख, वायुयान दुर्घटना पर एक करोड़ रुपया दिया जायेगा। साथ ही व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों के उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख तथा अविवाहित बच्चियों के विवाह के लिए भी बीमा राशि अधिकतम 10 लाख दिये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा नक्सल हिंसा, उग्रवादियों, अपराधियों की ओर से घात लगाकर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

### 12 किलो गांजा के साथ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम छोटन कुमार उर्फ छोटू बताया गया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने सोमवार को बताया कि तस्कर को जब्त गांजा और अन्य सामग्रियों के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया है। बरामद गांजा की कीमत लगभग एक लाख 48 हजार 800 रुपये आंकी गई है।

साल 2019 से अब तक राज्य के अलग-अलग थाने में आठ लोगों की पुलिस हिरासत में हो चुकी है मौत

## झारखंड में हर छठे महीने पुलिस हिरासत में एक की हो रही मौत

SUHAIB ANSARI RANCHI : झारखंड के गिरिडीह में सोमवार की सुबह पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस हिरासत में मौत का यह पहला मामला नहीं है। साल 2019 से अब तक राज्य के अलग-अलग थाने में आठ लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हो चुकी है। इस तरह झारखंड में हर छठे माह पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत हो रही है। पुलिस हिरासत में किसी अभियुक्त की मौत को हिरासत में मौत का मामला माना जाता है। चाहे अभियुक्त रिमांड पर



हो या ना हो, हिरासत में लिया गया हो या पूछताछ के लिए बुलाया गया हो, उस पर कोई मामला अदालत में लंबित हो या वह सुनवाई की प्रतीक्षा कर रहा हो। इस दौरान अभियुक्त की मौत हो तो उसे हिरासत में मौत माना जाता है। इसमें पुलिस हिरासत के दौरान आत्महत्या, बीमारी के कारण हुई मौत, हिरासत में लिये जाने के दौरान घायल होने एवं इलाज के दौरान मौत या अपराध कबूल करवाने के लिए पूछताछ के दौरान पिटाई से हुई मौत शामिल है।

**पुलिस हिरासत में मौत की होती है सीआईडी जांच**

झारखंड में पुलिस हिरासत में मौत के सभी मामलों की जांच सीआइडी करती है। वर्तमान में भी पुलिस हिरासत में मौत के सभी मामलों की जांच सीआईडी कर रही है। इनमें से कुछ मामलों में पुलिस कर्मियों को दोषी पाते हुए विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

### जानें कहां-कहां पुलिस हिरासत में हुई मौत

- 21 अगस्त 2023 : गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना में एक व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गयी।
- 18 जुलाई 2023 : हजारीबाग के बरही में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किये गये मोहम्मद अशफाक नाम के युवक की मौत पुलिस हिरासत में हुई।
- 13 अप्रैल 2022 : कोडरमा के डोमचांच में पुलिस हिरासत में ढिबरा कारोबारी की मौत हो गयी थी। इस मामले में थानदोर सहित चार को निलंबित कर दिया गया था।
- 25 फरवरी 2022 : साहिबगंज जिले के तलझारी थाना पुलिस की हिरासत में झरनाटोला निवासी देबु तुरी की मौत हो गयी थी।
- 19 फरवरी 2022 : बोकारो जिले के बालीडीह थाना पुलिस की हिरासत में इलाजरत 25 वर्षीय युवक कालीचरण केवट की बोकारो सदर अस्पताल में मौत हो गयी थी।
- 12 जनवरी 2021 : दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में डांडो पंचायत के मुखिया को धमकाने के आरोप में देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किये गये आरोपी ने हाजत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।
- 05 सितंबर 2020 : गिरिडीह जिले के मधुवन थाने की हाजत में एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी।
- 6 अगस्त 2019 : दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना में पुलिस हिरासत में एक अभियुक्त आशिक टुंडू ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी।

## आपसी सौहार्द की अद्भुत मिसाल है रांची : SSP

CRIME REPORTER RANCHI : एसएसपी ने कहा कि रांची एक ऐसी जगह है, जहां सभी धर्म के लोग आपसी सौहार्द के साथ संयुक्त रूप से एक-दूसरे के त्योहार को आपस में मिलजुल कर मनाते हैं। यह मिसाल है और यही हमारी गंगा-जमनी तहजीब व संस्कृति का हिस्सा है, इसे बरकरार रखने की जरूरत है। चिश्तिया पंचायत और सर्वधर्म सद्भावना समिति की ओर से श्रावण मेले को लेकर कांटाटोली में स्वागत शिविर लगाया गया। इसमें बोलबम में जाने वाले श्रद्धालुओं के बीच फल, मिठाई, चाय व पानी की व्यवस्था की गई थी। मौके पर एसएसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी शुभांशु जैन भी पहुंचे। दोनों समितियों ने उन्हें शॉल देकर सम्मानित किया। मो इस्लाम और मो इश्तियाक की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जयसिंह यादव, मो अफरोज, अय्यूब अंसारी, साबिर, मो फिरोज अंसारी, मो परवेज, अफसर खान, मो सुहैल, सिन्टू कुमार, शकील हबीबी, मो आजाद, मोतासिर रजा, प्रदीप राय बाबू, सुहैल खान, शमीम कुरैशी, इरफान खान, जियाउल हक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

BRIEF NEWS

## सड़क के बीचों बीच गंदे जलजमाव में बैठ कर जताया विरोध



**PALAMU:** बारिश के बाद जिले के लेस्लीगंज-सतबरवा मार्ग की स्थिति बदतर हो गई है। सर्वाधिक खराब स्थिति प्रखंड मुख्यालय में ढेला गांव आशीर्वाद अस्पताल के पास की है, जहां सड़क पहले से गड्ढे में तब्दील है। इसमें बारिश का पानी इकट्ठा हो गया है। राहगीरों को हर कदम पर परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क में सुधार नहीं होने पर प्रखंड क्षेत्र के किरतो निवासी दिलीप तिवारी ने सोमवार को तपती धूप में सड़क के बीचों बीच गंदे जलजमाव वाले गड्ढे में बैठ कर विरोध जताया। तिवारी का समर्थन में कुराइन पतरा पंचायत के उप मुखिया अनुज कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम प्रजापति भी बैठ गए। तिवारी ने बताया कि राहगीरों को हर कदम पर परेशानी उठानी पड़ रही है। यह सड़क आवागमन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। यह सड़क लगभग बीस गांवों को जोड़ती है। सड़क के बीच जलभराव हो गया है। इसके कारण राहगीरों का आवागमन कष्टदायक हो गया है। दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।ग्रामीणों ने महीनों से सड़क मरम्मत की मांग की, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस सड़क की बद्तर स्थिति पर ध्यान नहीं दिया। अब सड़क पर हम बैठे हैं। जब तक जल जमाव का निदान नहीं होता है, हम पानी में बैठे रहेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक का आयोजन

**KHUNTI:** खूंटी व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी नौ सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर सोमवार को डालसा सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, सभी बैंकों के एलडीएम, शाखा प्रबंधक, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी और स्थायी लोक अदालत के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों और न्यायिक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें।

## खूंटी जिला व्यवसायी संघ का चैंबर ऑफ कॉमर्स में विलय, 10 सितंबर का होगा चुनाव

**KHUNTI:** जिला व्यवसायी संघ का खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स में विलय हो गया। सोमवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स और व्यवसायी संघ की हुई संयुक्त बैठक के बाद आम सहमति से व्यवसायियों के संगठन की मजबूती के लिए दोनों संगठनों का एकीकरण किया गया। खूंटी जिला व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने संघ का चैंबर ऑफ कॉमर्स में विलय की घोषणा की, जिसका सभी व्यवसायियों ने स्वागत किया। अब खूंटी जिले में व्यवसायियों का सिर्फ एक ही संगठन हो गया है। खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने विलय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे व्यापारियों के लिए एक जवाबदेह संगठन का निर्माण हो गया। खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 27 अगस्त को होने वाला था, अब 10 सितंबर को होगा। विनोद जायसवाल ने बताया कि सदस्यता शुल्क एक सौ रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त तक नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा तथा 29 अगस्त को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन शुल्क 2500 रु निर्धारित किया गया है।

# हाथ में जख्म व स्याही के निशान बयां कर रहे कस्टडी में मौत की कहानी

## नागो की मौत से उठे कई सवाल, पुलिस पर लग रहे गंभीर आरोप

- बेरहमी से पिटाई के लिए कुख्यात है छोटा दारोगा
- शव के हाथ में मीले स्याही के निशान
- पूरे जिले में चर्चीत है बेंगाबाद थाना का टॉर्चर रूम



**PHOTON NEWS GIRIDIH:** नागों पासी की मौत की असली कहानी तस्वीर बयां कर रही है। हाथ में जख्म के निशान, पीठ पर गहरे जख्म के निशान व अंगूठे पर स्याही के निशान बेंगाबाद पुलिस पर कई सवाल खड़ी कर रही है। बेंगाबाद थाना प्रभारी शशि सिंह की दलील बेतूकी लग रही है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। इसकी गवाही जख्म के निशान दे रही है। उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है तो उसके अंगूठे पर स्याही के निशान क्यों हैं? सूत्रों की मानें तो नागों की मौत की झूठी कहानी गढ़ने के लिए सादे कागज पर अंगूठे के निशान ले ली गई है। बाद में पुलिस मनमाफिक इसका उपयोग करेगी। मिली जानकारी के अनुसार बेंगाबाद पुलिस में एक सहायक अवर निरीक्षक संदिग्ध आरोपितों की पिटाई के लिए कुख्यात है। जानकारी के अनुसार नागों की रातभर बेरहमी से पिटाई की गई। नागों की मां की हत्या 1 दिन पूर्वी संदेहास्पद स्थिति में की गई है। नागो पर मां की हत्या का आरोप था। मिली जानकारी के अनुसार नागों ने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया था। पूछताछ में बेंगाबाद पुलिस इतनी बेरहम निकली की मां के साथ पुत्र को भी शमशान पहुंचा दिया। जानकारी के अनुसार बेंगाबाद थाना का टॉर्चर रूम पूरे जिले में विख्यात है। यहां संदिग्धों की चिख दीवारों से टकराकर गुम हो जाती है। जानकारी के अनुसार रात के सन्नाटे में जब पुलिस संदिग्धों पर लाठियां बरसती है तो उसकी चीख सुनाई नहीं देती। मेडिकल बोर्ड में शामिल चिकित्सक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा करेंगे, पर परिस्थिति जैसी है, उससे यह जाहिर है कि मौत से पहले नागो पर रातभर जुल्म ढाए गए। फिलहाल सब कुछ जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। दंडाधिकारी ने जांच के दौरान सब चीजों की बारीकी से पड़ताल की है।

## पुलिस ने लापता नत्थू सिंह का शव जंगल से किया बरामद

**PHPTPN NEWS PALAMU:** रामगढ़ थाना क्षेत्र की पुलिस ने हुटार नावाडीह के रहने वाले नत्थू सिंह (45) का शव बरामद किया गया है। वे रविवार शाम से लापता थे। इस बीच सोमवार को उसके घर से दो किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ पर फंदे से लटका उसका शव बरामद किया गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। घटना के पीछे जमीन बंटवारा का विवाद बताया जाता है। परिजनों ने बताया कि नत्थू सिंह रविवार की घर से निकले था। चार बजे तक वह गांव में देखे गए थे। इसके बाद वह लापता हो गया। देर शाम से परिजन उसे ढूंढ रहे थे, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा था। इसी बीच उसका शव जंगल में फंदे से लटका मिला। वे अर्द्ध नग्न



स्थिति में थे। उनके गले में पड़ा फंदा उनका गमछा था। परिजनों का कहना है कि भाई के साथ जमीन विवाद चल रहा है। 15-20 दिन पहले विवाद का मामला थाना तक पहुंचा था। मृतक के शरीर पर चोट के भी निशान मिले हैं। संभावना है कि पिटाई करने के बाद उनकी हत्या की गई और आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके शव को फंदे से लटका दिया गया। ग्रामीण संतोष सिंह और सुगन सिंह ने सबसे पहले शव को कमेश्वर डेरा जंगल में देखा। जिस जगह पर शव लटका हुआ था, उससे कुछ दूर पर उसकी लूंगी मिली, जबकि चप्पल का कोई अता पता नहीं चला।

# पलामू में यात्री बस से हथियार बरामद



**PHPTPN NEWS PALAMU:** छत्तीसगढ़ से पलामू आ रही एक यात्री बस से बड़ी संख्या में हथियार बरामद हुए हैं। यह हथियार गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के बताए जा रहे हैं। हथियारों की बरामदगी यात्री बस की जांच के दौरान हुई। पुलिस ने मौके से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस ने जिस व्यक्ति को हिरासत में लिया है वह सुजीत सिन्हा गिरोह का बताया जा रहा है। बस से आठ पिस्टल बरामद किए गए हैं। ये सभी हथियार सेमी ऑटोमेटिक हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने और गिरोह को खड़ा करने के लिए हथियारों को मंगाया गया था। इन हथियारों का इस्तेमाल कहां हो सकता था, पुलिस इस मामले की विस्तृत तफ्तीश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ से झारखंड आ रही यात्री बस को रोककर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान बस से ये हथियार बरामद किए गए। मैमले में एटीएस की ओर से पलामू पुलिस से संपर्क कर बरामद हथियारों के बारे में विस्तृत जानकारी ली जा रही है।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत



**RANCHI:** रांची के चान्हो इलाके में करंट लगने से रंजीत ठाकुर की मौत हो गई। वह अखबार बांटने का काम करता था। इस घटना के बाद सोमवार को परिवार और आक्रोशित ग्रामीणों ने बीजूपाड़ा- खलारी मार्ग को जाम कर दिया। ढाई घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा। चान्हो थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को बताया कि मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने मार्ग को जाम किया था।

# पलामू में ससुराल वालों ने गला दबा कर की विवाहिता की हत्या

**PHPTPN NEWS PALAMU:** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कुशडिहरा खाप कटैया गांव के टिंकू साव (24) की पत्नी छाया देवी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसका शव उसके ससुराल से बरामद किया गया। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग फरार बताये जाते हैं। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। मायके पक्ष के लोगों ने छाया के पति समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि छाया देवी के साथ उसका पति अक्सर मारपीट करता था। रविवार को भी उसने मारपीट की थी। छाया ने अपने मायके पक्ष के लोगों को जानकारी दी थी। यह भी



बताया था कि मामले में गांव वाले आ रहे हैं। निर्णय होगा। सोमवार की सुबह 7.30 बजे पुनः छाया की बात उसके भाई से हुई थी। 8 बजे छाया मृत पाई गई। मौत की सूचना मिलने पर छाया के मायके बिहार के औरंगाबाद जिले के रिसिअप से दादा मुंशी साव एवं पिता शंकर साव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उनके सामने महिला के शव को कब्जे में लिया। परिजनों के अनुसार वर्ष 2019 में छाया की शादी टिंकू साव के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। एक लड़का और एक लड़की है। परिजनों का कहना है कि रात में मारपीट करने के बाद छाया को उसका पति एवं अन्य लोग घर से निकाल रहे थे। सूचना के बाद उसके घर जाने की तैयारी थी, लेकिन छाया ने ही मना कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे हरिहरगंज के थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि गला दबाने के निशान मिले हैं। मारपीट करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि मौत का क्या कारण रहा है?

# शिव के रंग में रंगी विधायक अंबा, बाबा धाम के बाद पहुंची प्राचीन शिव मंदिर

## सावन की सामवारी को प्राचीन शिव मंदिर में विधायक ने किया रुद्राभिषेक

**PHOTON NEWS RAMGARH:** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने सोमवार को अपने पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव साथ रामगढ़ के कैथा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। उन्होंने यहां भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की। पूर्व से तय कार्यक्रम अनुसार विधायक अंबा प्रसाद अपने पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों के साथ प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। साधु-संतों की उपस्थिति में पूरे विधि विधान के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की। राज्य वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए भोलेनाथ से मंगल कामना की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि



रुद्राभिषेक करती विधायक अंबा प्रसाद • फोटोन न्यूज

यह रुद्राभिषेक झारखंड वासियों की सुख समृद्धि की कामना के लिए किया गया है। इसी वजह से इस विराट रुद्राभिषेक में काफी लोग शामिल हुए।

**पिता योगेंद्र साव के साथ विधायक अंबा ने प्राचीन शिव मंदिर में किया रुद्राभिषेक**

सावन के महीने में शिव भक्तों का उत्साह चरम सीमा पर रहता है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी शिव के रंग में रंगी हुई नजर आ रही हैं। तीन दिन पहले 18 अगस्त को उन्होंने अपने पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का जन्मदिन बाबा नगरी देवघर में मनाया। इसके बाद सोमवार को वह अपने पिता के साथ रामगढ़ के कैथा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यह रुद्राभिषेक झारखंड वासियों के सुख समृद्धि की कामना से की गई है। इसी वजह से इस विराट रुद्राभिषेक में हजारों लोग शामिल हुए हैं।

**प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ करते हैं सबकी कामनाएं पूरी**

विधायक अंबा प्रसाद अपने पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत पूरे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों के साथ कैथा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। जनता के संग विद्वान साधु संतों की उपस्थिति में पूरे विधि विधान के साथ प्राचीन शिव मंदिर में का रुद्राभिषेक किया। राज्य वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए भोलेनाथ से मंगल कामना की।

# आम्रेश्वर धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़ हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**PHOTON NEWS KHUNTI:** शुद्ध सावन महीने की तीसरी सोमवारी को खूंटी जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए भक्तो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लगभग 80 हजार भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। बाबा आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए रविवार रात से ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे थे। देर रात से ही यहां मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के साढ़े तीन बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान घंटों कतार में खड़े भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा



बाबा आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए कतार में लगे श्रद्धालुओं • फोटोन न्यूज

के लिए तैनात पुलिस के जवान, प्रबंध समिति के सदस्य और एनसीसी कैडेट व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे। तड़के प्रारंभ हुई पूजा-अर्चना का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी व सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा-अर्चना के बाद दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेले का आनंद उठाया।

मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारियों के साथ महिला और पुरुष बल के जवान मंदिर परिसर सहित पूरे मेले परिसर में तैनात थे। साथ ही धाम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे से हर छोटी-बड़ी घटना पर नजर रखी जा रही थी। जलाभिषेक के लिए आनेवाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रख बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, सत्यजीत कुंडू के अलावा अन्य पदाधिकारी और सदस्य पूरे दिन धाम परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

## उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में की समीक्षा बैठक, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# बटन मशरूम का उत्पादन करने की दिशा में कार्य योजना बनाने का लिया गया निर्णय

**PHPTPN NEWS PALAMU:** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, डिस्टिक हॉर्टिकल्चर ऑफीसर व जेएसएलपीएस के डीपीएम संग बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा की। उन्होंने कृषि पदाधिकारी से जिले की वर्तमान स्थिति के विषय पर चर्चा की। कृषि पदाधिकारी ने उपायुक्त को संभावित सुखाड़, धान व मक्के की खेती से अवगत कराया। उपायुक्त ने कृषि पदाधिकारी को जिले में कौन सा फसल का कितना उत्पादन होता है इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह उन्होंने डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर से उनके द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की जानकरी ली। उन्होंने हॉर्टिकल्चर ऑफिसर



बैठक में उपायुक्त शशि रंजन व अन्य • फोटोन न्यूज

को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में बटन मशरूम का उत्पादन करने की दिशा में संबंधित पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करने व उसे अमली जामा तक पहुंचाने पर बल दिया। इसी क्रम में उन्होंने मत्स्य विभाग के भी समीक्षा की। उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी से तालाबों की संख्या, मछली उत्पादन का लक्ष्य, सप्लाई सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली। उन्होंने बीज वितरण, केज हाउस, पोर्टेबल हैचरी एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सदस्य पदाधिकारी को जिले में बायोफ्लॉक तकनीक को बढ़ावा देने व इसके मदद से अधिकाधिक मछली का उत्पादन करने के लिए निर्देशित किया गया।

## अनुकंपा समिति ने की 19 मामलों की समीक्षा आठ आवेदकों की सेवा में बहाली की अनुशंसा

**PALAMU:** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में सामान्य अनुकंपा अंतर्गत कुल 19 मामलों की समीक्षा की गयी, जिनमें 08 आवेदकों को सेवा में बहाली के लिए अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त व अनुकंपा समिति के सदस्य ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारी को आश्रितों के प्रति गंभीरता बरतने व



नियुक्ति के लिए सभी प्रक्रियाओं को ससमय पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आश्रितों की नियुक्ति में कम से कम समय लगे ये सुनिश्चित किया जाना चाहिये। मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने के लिए एकलव्य विद्यालय की पांच छात्राएं रवाना



सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना होती छात्राएं • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS LOHARDAGA:** लोहरदगा के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा की पांच छात्राएं सोमवार को दिल्ली में 22 अगस्त को आयोजित होने वाले सम्मेलन में हिस्सा लेने को रवाना हुई हैं।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (जनजातीय कार्य मंत्रालय) की ओर से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने वाली छात्राओं में कक्षा नौ की प्रार्थना कुमारी, कक्षा 10 की पिंकी कुमारी, कक्षा 11 की सुषमा मुंडा, विज्ञान संकाय में कक्षा 12 की श्वेता उरांव और कला संकाय में कक्षा कक्षा 12 की अनुपा कुमारी का नाम शामिल है। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय की छात्राएं मंत्री सहित विभागीय अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगी। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान छात्राओं को राष्ट्रपति आवास, अमृत उद्यान एवं संग्रहालय भी जाने का अवसर प्राप्त होगा।

BRIEF NEWS

### ड्यूटी से गायब मिले चिकित्सक तो कटेगा वेतन

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने सोमवार को दो चिकित्सकों का वेतन काटने का निर्देश दिया है। दरअसल, मुसाबनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण करने के लिए सिविल सर्जन पहुंचे थे। इस दौरान ड्यूटी पर एक भी चिकित्सक तैनात नहीं थे। इसे देखते हुए डा. उषा अग्रवाल व डा. सोमा दत्ता ड्यूटी पर तैनात नहीं मिली। इसका कारण जब कर्मियों से पूछा गया तो उनको भी नहीं पता था। सिविल सर्जन ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार दौरा कर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं। जहां पर जो खामियां मिल रही उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों को कहा गया है कि अगर उनके स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर, नर्स व स्वास्थ्य कर्मी नहीं आएं तो इसकी जानकारी उन्हें सीधे दी जाए। इसी के तहत मुसाबनी के दो चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

### जिले में डेंगू के 15 संदिग्ध व 10 पॉजिटिव मरीज मिले

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में सोमवार को डेंगू के 10 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इन सभी मरीजों का इलाज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहा है। इसमें टाटा मुख्य अस्पताल, टाटा मोटर्स, टिनप्लेट, मर्सी सहित अन्य शामिल हैं। ये मरीज मुसाबनी, आजादनगर सोनारी, मानगो, बारीडीह सहित अन्य क्षेत्रों के रहने वाले हैं। जिले में अब तक डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ कर 241 हो गई है। वहीं सोमवार को 15 संदिग्ध मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। रिपोर्ट बुधवार तक आने की संभावना है। इन सभी संदिग्धों का इलाज टिनप्लेट और टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

BAHRAGORA : बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 18 पर झरिया मोड़ के समीप बांघराचूड़ा गांव निवासी शंभूनाथ महंती (30 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक एक निजी ऑफिस में काम समाप्त करके रविवार की रात्रि 10:30 बजे अपने घर बांघराचूड़ा जा रहे थे। उस समय झरिया मोड़ के समीप एनएच 18 पर खड़े टेलर (ठछ01अउ 8004) के पीछे जा कर टकरा गए। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही बहरागोड़ा पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही खड़े वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मृतक के घर में उसकी बूढ़ी मां है। वह घर में कमाने वाला अकेला और अपनी मां का इकलौता सहारा था। रात को दुर्घटना की खबर मिलते ही युवक के गांव तथा बहरागोड़ा में शोक की लहर दौड़ गई। बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृतक को देखने के लिए सगे संबंधियों के भीड़ रात भर लगी रही।

### केएनजे हाई स्कूल में वॉकिंग पथ बन गया 'झाड़ी पथ'

CHAKULIA : चाकुलिया के केदारनाथ झुनझुनवाला हाई स्कूल मैदान के चारों ओर निर्मित वॉकिंग पथ का एक बड़ा भाग झाड़ी पथ में तब्दील हो गया है। पथ के दोनों और बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हैं। ज्ञात हो कि नगर पंचायत के तहत लगभग 50 लाख की लागत से इस विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। इसी कार्य के तहत मैदान के चारों ओर वॉकिंग पथ का निर्माण किया गया है। मैदान के पश्चिम, दक्षिण और उत्तर निर्मित वॉकिंग पथ झाड़ियों से घिरा है। सबसे बदतर स्थिति पश्चिम दिशा में वॉकिंग पथ की है। पथ झाड़ियों में गुम होता जा रहा है। इस वॉकिंग पथ पर चलना खतरे से खाली नहीं है। झाड़ियों में सांप और बिच्छुओं के होने की आशंका है। झाड़ियों की सफाई की दिशा में कोई पहल नहीं हो रही है। पास में ही स्टेडियम है। यहां शाम को युवक फुटबॉल खेला करते हैं। इस विद्यालय परिसर में निर्मित चिल्ड्रन पार्क भी झाड़ियों से भर गया है।

# नामांकन के लिए सीट बढ़ाने को लेकर आजसू छात्र संघ का जोरदार प्रदर्शन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : अखिल झारखंड छात्र संघ की ओर से महिला विश्वविद्यालय में रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन संघ के कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक के नेतृत्व में हुआ। संघ ने कहा विश्वविद्यालय द्वारा छात्राओं के हित में स्नातक नामांकन की सीट नहीं बढ़ाया गया तो छात्र संघ विश्वविद्यालय में तालाबंदी करेंगे। छात्र संघ के सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 2 घंटे तक अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन करते रहे। उसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलसचिव के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।


प्रदर्शन में शमिल छात्र। ● फोटोन न्यूज

पिछले महीने आजसू छात्र संघ ने मांग पत्र सौप कर कहा था की कोई भी छात्रा स्नातक में नामांकन से वंचित नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह एक मात्र महिला विश्वविद्यालय है । छात्राओं का रुझान इस शैक्षणिक संस्था के प्रति काफी संवेदनशील है, उसके बाबजूद सैकडों छात्राओं का नाम मेघा सूची में नही आया और अभी सीट भर जाने की बात कहकर उनको किसी भी तरह का सूचना नहीं दिया जा रहा है। शिक्षकों के द्वारा छात्रों को सही जानकारी भी नही दिया जा रहा है, इसीलिए छात्र संघ ने छात्राओं के साथ महिला विश्वविद्यालय में जोरदार हंगामा किया। इस अवसर पर छात्र संघ ने मांग किया कि जितने भी छात्राएं फॉर्म भरी है, उनका नामांकन हिस्ट्री ,पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स ,इंग्लिश ,हिंदी और ज्योग्राफी में फॉर्म भरा है उनका नामांकन सुनिश्चित होना ही चाहिए। इस सबंध में छात्र नेता हेमंत पाठक ने कहा इतना बड़ा कैम्पस , आधारभूत संरचना के बाद इस तरह की छात्राओं के साथ असुविधा हो, तो सोचने वाली बात होगी।

आजसू छात्र संघ ने मांग किया है विश्वविद्यालय द्वारा जिस विषय में सीट ना होने का हवाला देकर नामांकन रोका गया है, उसका सीट में बढ़ोतरी किया जाए। ताकि सभी का नामांकन सुनिश्चित हो सके। अन्यथा इससे भी बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा।इस अवसर पर छात्र संघ के कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक , प्रदेश सचिव दीपक पाण्डेय , महिला वि. वी प्रभारी हिमाद्रि महतो,शाहीन सुल्ताना ,जगदीप सिंह ,कामेश्वर प्रसाद ,श्रेया सिंह , पूजा कुमारी ,सिमरन कुमारी ,,अभिषेक यादव, अमन सिंह , नंदिनी कुमारी ,रेखा कुमारी, शादब परवीन ,अफशाना परवीन आदि छात्रा उपस्थित थी।

### ज्वेलर्स से लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार, साकची से हथियार बरामद

JAMSHEDPUR : सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के पास ईश्वर लाल ज्वेलर्स में लाखों रुपए के गहने लूटने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मामले में बिहार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को साकची पुलिस आरोपियों को साकची साईं गेस्ट हाउस स्थित किराए के मकान में लेकर गई। वहां से पुलिस ने एक पिस्टल और गोली के अलावा घटना के समय पहना हुआ कपड़ा और एक तराजू बरामद किया गया है। पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि घटना में तीनों आरोपी शामिल थे। सभी साकची के साईं गेस्ट हाउस में ठहरे थे। 6 अगस्त को घटना को अंजाम दिया और 9 अगस्त को सभी बिहार भाग गए थे।

# गोलमुरी में युवक ने की आत्महत्या बिष्टुपुर में भी एक ने लगाई फांसी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर में इन दिनों आत्महत्या के मामले बढ़ते ही जा रहे है। सोमवार को भी बिष्टुपुर और गोलमुरी में दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पहला मामला गोलमुरी के टुईलाडूंगरी का है जहां 37 वर्षीय शिव कुमार उर्फ छोटू ने फांसी लगाई। जानकारी मिलने पर रविवार रात 11 बजे परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया की शिव एक कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था। डेढ़ माह पूर्व कंपनी बंद हो गई जिसके बाद वह घर पर ही रहता था। नौकरी ना मिलने से वह डिप्रेशन में था। रविवार रात वह अपने कमरे में गया और फांसी लगा ली। रात को जब सभी उसे खाने के लिए बुलाने गए तो उसका कमरा अंदर से बंद पाया। दरवाजा तोड़ने पर उसका शव फंदे से लटका हुआ था।

**बिष्टुपुर में भी दर्जी ने लगाई फांसी :** इधर, बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धातकीडीह बी ब्लॉक निवासी 42 वर्षीय मो सरफराज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सरफराज ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाई। सोमवार सुबह पुलिस ने उनके शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चलती ऑटो से गिरकर घायल हुआ पहली कक्षा का छात्र शिवम

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के साकची आमबगान के पास चलती ऑटो से सात वर्षीय शिवम सेनापति गिरकर घायल हो गया। इस घटना की जानकारी ऑटो चालक को भी नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने घायल शिवम को तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया और शिवम के परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे।

क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाते है ऑटो चालक शिवम के हाथ, चेहरा और छाती में चोट आई है। शिवम प्रेम ज्योति स्कूल के क्लास वन का छात्र है। इस घटना ने स्कूली वैन-ऑटो चालकों की लापरवाही उजागर कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शिवम को ऑटो चालक ने पीछे बैठा रखा था। वह काफी तेज रफ्तार में ऑटो चला रहा था। इसी दौरान शिवम ऑटो से गिर पड़ा जिससे वह घायल हो गया। दरअसल स्कूली वैन-ऑटो चालक बच्चों को जल्दी घर छोड़ने की होड़ में लापरवाही कर बैठते है। वहीं क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाया जाता है।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने लेह में हुए वाहन हादसे में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा लेह में हुए वाहन हादसे में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वीर शहीदों को पूर्व सैनिकों ने गोलमुरी स्थित शहीद स्मृति स्थल पर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि सेना का एक वाहन जो लेह से न्योमा की ओर एक काफिले के हिस्से के रूप में जा रहा था, वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गीर गया, इसमें 10 कर्मी सवार थे जिनमें से नौ की मौत हो गई और एक घायल हो गया। इस हृदय विदारक घटना में नौ जवान शहीद हुए थे। इसमे नायब सूबेदार रमेश, हवलदार विजय कुमार, हवलदार महेंद्र सिंह, नायक चंद्रशेखर, नायक तेजपाल, मनमोहन, अंकित, तरनदीप सिंह, बहोइट वैभव शामिल है।


श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पूर्व सैनिक। ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती,कोशिश एक मुस्कान,जय हिंद क्लब,अभ्युदय, समेत कई संस्थान उन वीर शहीद को नमन करने हेतु एकत्रित हुए। इस अवसर पर थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों ने इस घटना पर दुख जताते हुए शहीद जवानों को अपनी भावभीन श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वीर शहीद अमर रहे के उदघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।आयोजित श्रद्धांजलि सभा का नेतृत्व जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष विनय यादव ने किया। मौके पर उपस्थित क्रीड़ा भारती के प्रांतीय मंत्री राजीव कुमार ने कहा कि जो वीर वीरगति को प्राप्त हुए हैं उनको लोहनगरी के लोग नमन करते हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की गई और घायल सैनिकों के जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम मे राजीव कुमार,सुभाष कुमार,जय हिंद क्लब से चंद्रशेखर सहाय अपने 15 लोग की टोली के साथ,राकेश, कोशिश एक मुस्कान संस्थान से हनी परिहार एवं बंटी संगठन के संस्थापक वरुण कुमार एवम् अन्य प्रतिनिधिगण के नतृत्व मे जितेंद्र कुमार सिंह विनय कुमार यादव सजीव कुमार,अवधेश कुमार, नरेंद्र गांगुली, मनोज कुमार सिंह हरि सिंह सांडिल, उमेश सिंह, निर्दोष, बीरेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, बिरजू कुमार, सुखविंदर सिंह, अमरेन्द्र कुमार, कुन्दन सिंह, लाल बाबू सिंह, अनिल सिन्हा, सजीव कुमार श्रीवास्त, दीपक शर्मा, सतेंद्र सिंह, कृष्णा मोहन सिंह, कुमार, रमेश प्रसाद, एल बी सिंह एवम अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित हुए।

# बामनगोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी गठित तुलसी महतो अध्यक्ष मनोनीत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : बामनगोड़ा दुर्गा पूजा मैदान में रविवार को केसी महतो की अध्यक्षता में स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से सार्वजनीक दुर्गा पूजा समित बामनगोड़ा की नई कमेटी गठित की गई। इसमें सर्वसम्मति से तुलसी महतो को वर्ष 2023 के दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष चुना गया। इसके आलावे महासचिव पद पर राजू शर्मा को मनोनीत किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में प्रवीर महतो एवं अंकीत झींगन का मनोनयन किया गया। इसके आलावे संरक्षक के रूप में केसी महतो , परमानंद सिंह, संतोष महतो, राजेश सिंह आदि का नाम सर्व सम्मति से पारित किया गया।

बताया गया कि शेष पदों पर आपसी विचार-विमर्श के बाद जल्द ही चुनाव कर लिया जाएगा।


बैठक में उपस्थित कमेटी के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

गौरतलब हो कि बस्ती में वर्ष 1966 से परंपरागत तरीके से दुर्गा पूजा होते आ रहा है। मौके पर नव मनोनीत अध्यक्ष तुलसी महतो ने बैठक में बताया कि वर्ष 2015 में पूजा की जो राशि शेष बच गई थी उसे कमेटी के बैंक खाता में फिक्स कर दिया गया है। जिसका नियमानुसार ब्याज बढ़ रहा है। कुछ लोग भ्रम फैलाकर बस्ती वासियों को गुमराह करने पर तुले हैं। मैं हर मंच पर संवैधानिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार हूं।

बैठक में केसी महतो, संतोष महतो, राम सागर तिवारी, भास्कर दास, बलराम सिंह, कृष्णा राय, भुवनेश्वर महतो, दिलीप सिंह, सुबोधचंद्र महतो, नीलू सिंहा, उपेंद्रनाथ महतो, हरेंद्र राय, गणेश महतो, अमित कुमार नंदी, उमेश शर्मा, तुलसी महतो, खोखन मजुमदार, सीताराम शर्मा, आरके सिंह, अमीत कुमार सिंह, शिवम कुमार सिंह, विवेक शर्मा, पंकज कुमार, अकाश मिश्रा, अमित तिवारी, मोहित कुमार, शिवराज यादव, अनीष कुमार, राजू मिश्रा, सन्नी मिश्रा समेत भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# देवी, सुनील और शहनाज के मधुर भजनों पर झुमे शहर के लोग

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जय महाकाल सेवा संघ की ओर से श्रावण मास के पावन अवसर पर सातवां सोमवारी को मानगो के गाँधी मैदान में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में विशेष रूप से भोजपुरी के लोकप्रिय गायिका देवी, शिव भजन के मशहूर गायक सुनील छैला बिहारी और गायिका शहनाज अख्तर ने एक से बढ़कर एक मधुर भजन का रसपान कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य मंत्री रघुबर दास, सांसद बिधुत बरन महतो उपस्थित थे। साथ ही कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाजपा नेता व जय महाकाल सेवा संघ नीरज सिंह ने सभी अतिथियों को स्वागत किया। इसके बाद भजन संध्या की शुरूआत हुई।

इस अवसर पर काफी संख्या में दर्शकों ने भजन संध्या का आनंद उठाया। तीनों ही कलाकारों ने देर रात तक दर्शकों को अपने गीतों पर झुमाया। भोजपुरी के लोकप्रिय गायक देवी ने भगवान शिव के सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। उन्होंने जैसे ही भजन काँवर उठा के चलनी, देवघर नगरिया, मोर सवरिया रे... गाई, दर्शक झूम उठे। इसके बाद छठ भजन भी गाई, उसके बाद सुनील छैला बिहारी और गायिका शहनाज अख्तर ने देर रात तक भजन की मधुर वर्षा करते रहे।


भजन प्रस्तुत करती देवी। ● फोटोन न्यूज

# वीमेंस यूनिवर्सिटी ने रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स पर आयोजित किया ऑनलाइन सेमिनार

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : वीमेंस यूनिवर्सिटी को उत्कृष्ट अनुसंधान केंद्र में बदलने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने कई पहल की है। इसी क्रम में उनके मार्गदर्शन और निर्देशन में विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी द्वारा रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स पर एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया।

डॉ. श्वेता सिंह, अंग्रेजी विभाग, सेंट कोलंबस कॉलेज, वीबीयू, हजारीबाग रिसोर्स पर्सन थीं जिन्होंने रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स पर विस्तृत प्रस्तुति दी। अनुसंधान और प्रकाशन का गहरा संबंध है क्योंकि प्रत्येक नए अध्ययन से नए निष्कर्ष निकलते हैं, जो प्रकाशन के माध्यम से सार्वजनिक डोमेन में आते हैं। यह सुनिश्चित करने से कि अनुसंधान नैतिकता का पालन करते हुए किया जाता है, किसी भी अध्ययन के प्रतिभागियों को अनुसंधान के दौरान प्रत्यक्ष नुकसान से बचाया जाता है। हाल के वर्षों में, अनुसंधान और प्रकाशन नैतिकता दोनों को एक दूसरे का अभिन्न अंग माना जाता है।




इन सभी मूल बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने इस संबंध में भविष्य की चुनौतियों से भी आगाह किया। उनके विद्वतापूर्ण संबोधन को सुनने के लिए यूनिवर्सिटी के सभी विभागों के प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने संगोष्ठी में भाग लिया।

सिदगोड़ा में निकली कांवड़ यात्रा, RAGHUBAR DAS समेत करीब 10 हजार लोग हुए शामिल

# हजारों श्रद्धालुओं संग पूर्व सीएम ने नदी से जल लेकर सूर्यधाम मुं भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : सावन के सातवीं सोमवारी को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सोमवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इससे पूर्व स्वर्णरेखा नदी में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक का संकल्प कराया गया। इसके पश्चात सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सूर्य मंदिर शिवालय के लिए प्रस्थान किया।


कांवड़ यात्रा में शामिल पूर्व सीएम रघुवर दास व अन्य। ● फोटोन न्यूज

जलाभिषेक यात्रा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह संग शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा में करीब 10 हजार से अधिक भक्तों के शामिल होने का दावा किया गया। कोलकाता के कलाकारों द्वारा पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया।

जलाभिषेक यात्रा में भक्तिमय संगीत, विशालकाय शिवलिंग, आकर्षक झांकी के साथ पुष्पवर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के सहूलियत के लिए बाबा बैधनाथ धाम की तर्ज अरघा के माध्यम से जलार्पण की व्यवस्था की गई थी। जलार्पण के पश्चात सोन मंडप परिसर में महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। शाम को गंगा आरती के तर्ज पर सूर्यधाम मंदिर में छठ घाट पर बनारस से आए 11 पुरोहितों द्वारा महाआरती की गयी। इसके तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भक्ति गीतों की धुन पर भक्त झुमते नजर आए।

# सरकारी मदद नहीं मिली तो बस्ती वाले खुद बना रहे पुल

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : डिमना से सटे नेशनल हाईवे से सटे बालिगुमा सुखना बस्ती निवासी डिमना और बालिगुमा सुखना बस्ती से जोड़ने वाली प्रस्तावित पुल के नहीं बनने से काफी नाराज और परेशान है। बच्चें स्कूल नहीं जा पा रहे ही। बीमार अस्पताल नहीं जा पा रहे है। इसलिए बस्ती के स्थानीय लोग सरकार से मदद नहीं मिलने पर खूद ही पुल के निर्माण करने में जूट गए है। उनका कहना है कि कई वर्षो से लोग पुल नहीं बनने से दिक्कतों का सामना कर रहे है। सरकारी मदद नहीं मिलने से उन्हें बांस का पुल निर्माण कर रहे है। बस्ती के लोगों ने कहा कि इस पुल का शिलान्यास पिछले सरकार के समय विधायक सरयू राय ने किया था। लेकिन वर्तमान सरकार में बन्ना गुप्ता है, बावजूद पुल के निर्माण नहीं हो सका। लोगों ने बताया कि बरसात के कारण पिछला पुल बह गया है, जिसके कारण डिमना से सुखना बस्ती आने जाने में लोगों को बहुत दिक्कत हो रहा है। विशेष रूप से बच्चों को स्कुल आने जाने में काफी दिक्कत हो रहा है। लोगों ने बताया कि उक्त समस्या के चलते हमलोग अपने से इस पुल का निर्माण कर रहे है।

# विशाल तारे की खोज

इंसानों ने ऐसे अद्भुत टेलीस्कोप बना लिए हैं, जिनकी मदद से हजारों प्रकाश वर्ष दूर अंतरिक्ष में झांकना संभव हो गया है। केप्लर स्पेस टेलीस्कोप की मदद से एक ऐसा तारा देखा गया है, जो सूरज से ज्यादा गरम है और आकार में बृहस्पति से करीब 80 गुना बड़ा है। यह तारा पृथ्वी से 1,400 प्रकाश वर्ष दूर है। इसकी शुरूआती खोज इस सदी के पहले दशक में हो गई थी, पर इसके बारे में अब जाकर सुनिश्चित जानकारियां सामने आ रही हैं। खगोलविद बड़े टेलीस्कोप की मदद से इसे लगातार देख रहे हैं। हालांकि, शोधकर्ता टीम का मानना है कि एक नहीं, बल्कि दो तारों का एक तंत्र है, जिसे द्विआधारी प्रणाली भी कहा जा रहा है। इजरायल में वेइजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की एक टीम ने, जिसका नेतृत्व खगोलशास्त्री नामा हल्लाकौन ने किया है, हाल ही में डाटा की जांच की और पाया कि सिस्टम में एक सफेद और एक भूरे तारे की संभावना है। ये खगोलीय पिंड परस्पर अधिक भिन्न नहीं हो सकते। सफेद तारा एक तारकीय अवशेष है। साथ ही, एक भूरा तारा भी है, जिसका द्रव्यमान बृहस्पति से दर्जनों गुना अधिक हो सकता है। इस डब्ल्यूडी 0032-317 जोड़ी में भूरा तारा, जिसे बड़े आकार के बावजूद बौना तारा कहा जा रहा है, इतना चमकीला क्यों है? एक अनुमान यह भी है कि इस तारे का द्रव्यमान बृहस्पति से 80 गुना से अधिक हो सकता है। अभी तक जितने ऐसे तारे देखे गए हैं, उनमें यह शायद सबसे बड़ा है। हालांकि, इतनी दूर से जारी शोध में यह भी पता चला है कि इस भूरे तारे की अपनी कोई गरमी नहीं है, इसके बजाय निकट से परिक्रमा कर रहे सफेद तारे द्वारा उस पर विकिरण की बमबारी की जा रही है। इसकी वजह से इस तारे पर दिन का तापमान 14,000 डिग्री फारेनहाइट (7,700 डिग्री सेल्सियस) है और रात का तापमान 11,000 डिग्री फारेनहाइट (5,700 डिग्री सेल्सियस) है। हमारे सूर्य का सतह पर तापमान लगभग 10,000 डिग्री फारेनहाइट (5,500 डिग्री सेल्सियस) है। मतलब, स्पष्ट है, नए खोजे गए तारे का तापमान सूर्य के तापमान से लगभग 2000 डिग्री सेल्सियस अधिक है। हमारे ब्रह्मांड में कई विचित्र ब्रह्मांडीय पिंड हैं। ऐसे पिंड भी हैं, जो अपने ग्रह या तारे की बहुत करीब से परिक्रमा करते हैं। कुछ तो इतने करीब से परिक्रमा करते हैं कि परिक्रमा कुछ हफ्तों या घंटों में ही पूरी हो जाती है। खगोलविद इसे नया बृहस्पति भी बता रहे हैं। इस नई खोज से संबंधित रिपोर्ट नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है। दो पिंड या दो तारे कौतूहल का विषय बने हुए हैं। यह दो-तारा प्रणाली वैज्ञानिकों को विशेष रूप से बृहस्पति ग्रह के गरम वातावरण का अध्ययन करने का एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है। साथ ही, ग्रहों और तारकीय विकास के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में भी मदद करती है। वैज्ञानिक लगातार तारों की खोज में लगे हुए हैं, 100 अरब से ज्यादा तारे अभी तक खोज लिए गए हैं। अगर अरबों तारों के बीच यह भूरा तारा सबसे गरम या बहुत बड़ा है, तो जाहिर है, यह गहरे अध्ययन का विषय है।

# संतुलित नजरिए की जरूरत

पुणे की एक सोसाइटी से जुड़े आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बहाल रखा है। यानी आवारा कुत्तों को उस इलाके से हटाने की सोसाइटी की कोशिशों को सुप्रीम कोर्ट से संरक्षण नहीं मिला। इसी साल 7 फरवरी को सात साल के एक बच्चे पर सोसाइटी में घूमने वाले एक कुत्ते ने अटैक कर दिया था, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ा। सोसाइटी ने उस इलाके में घूमने वाले 20 कुत्तों को पकड़ कर पिंजरे में डलवा दिया, जिसका कुछ डॉग लवर्स ने विरोध किया। मामला न सुलझने पर दोनों पक्ष कोर्ट पहुंचे। हाउसिंग सोसाइटियों में कुत्ते विवाद और टकराव का एक बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। पिछले दिनों इंदौर में कुत्ते के मसले पर ही फायरिंग की घटना हो गई, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में इसी साल मार्च महीने में आवारा कुत्तों के हमले में 7 और 9 साल के दो बच्चों की जान चली गई। केरल के कन्नूर जिले में कुत्तों के हमलों की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से जुड़ा एक मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। इस मुद्दे की गंभीरता का अंदाजा इस बात से हो सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हर साल रैबीज के चलते करीब 20,000 लोगों की जान जाती है। यह दुनिया में रैबीज से होने वाली कुल मौतों का एक तिहाई है। कुत्तों के हमले की बढ़ती घटनाओं के चलते जहां लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इन्हीं सोसाइटियों में रहने वालों का एक तबका ऐसा है जो घरों में पाले जाने वाले डॉगीज ही नहीं घरों से बाहर के आवारा कुत्तों के भी बचाव में खड़ा नजर आता है। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि चाहे हाउसिंग सोसाइटी हों या सोसाइटी के बाहर गलियों मोहल्लों में रहने वाली आबादी, हर नागरिक की सुरक्षा का सवाल अहम है। कुत्तों या अन्य पशुओं से उनकी रक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। लेकिन ऐसा करते हुए अन्य नागरिकों के अधिकारों और पहले से देश में लागू नियम-कानूनों की अनदेखी करने की छूट नहीं दी जा सकती। एक अन्य मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच भी मान्य कर चुकी है कि आवारा कुत्तों को भोजन का अधिकार है और नागरिकों को भी ये हक है कि वे अपने इलाके में पलने वाले आवारा कुत्तों को खाना खिलाएं।

# भारत की आर्थिक छलांग के लिए यूपी महत्वपूर्ण क्यों?

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

नोएडा से लेकर आगरा और कानपुर से लेकर बनारस तक, आपको हर जगह चमचमाते बाजार, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दिखाई देंगे। यूपी में किसी से भी बात करें, निश्चित रूप से वह अब यही कहता है कि यूपी आगे बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है। नए उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। यहां आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल सही कहते हैं कि उनका राज्य बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर अब सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उनकी यह टिप्पणी नीति आयोग द्वारा जारी उस रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें कहा गया कि भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर बाहर निकले। गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट वाले राज्यों में यूपी शीर्ष पर है।

आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आज दिन या रात में कभी भी जाएं तो आपको एक दशक पहले की तुलना में अभूतपूर्व अंतर दिखाई देगा। नोएडा से लेकर आगरा और कानपुर से लेकर बनारस तक, आपको हर जगह चमचमाते बाजार, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दिखाई देंगे। यूपी में किसी से भी बात करें, निश्चित रूप से वह अब यही कहता है कि यूपी आगे बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है। नए उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। यहां आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल सही कहते हैं कि उनका राज्य बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर अब सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उनकी यह टिप्पणी नीति आयोग द्वारा जारी उस रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें कहा गया कि भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर बाहर निकले। गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट वाले राज्यों में यूपी शीर्ष पर है। यूपी में गरीबी में सर्वाधिक कमी वाले जिले महराजगंज (29.64%), गोंडा (29.55%), बलरामपुर (27.9%), कौशांबी (25.75%), लखीमपुर खीरी (25.33%), श्रावस्ती (24.42%), जौनपुर (26.65%), बस्ती (23.36%), गाजीपुर (22.83%), कुशीनगर (22.28%), और चित्रकूट (21.40%) हैं। जो लोग यूपी को जानते हैं वे आपको बताएंगे कि इन जिलों की हालत पहले बहुत



खराब थी। इसलिए यदि भगवान राम और कृष्ण की जन्मस्थली यूपी से दिल को छू लेने वाली ऐसी सुखद खबर आ रही है तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक शुभ संकेत है। बीमारू (हिंदी में बीमार) शब्द का प्रयोग अक्सर बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को संदर्भित करने के लिए किया जाता रहा है। आमतौर पर इसका अर्थ यह होता है कि ये राज्य आर्थिक विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण, सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य सभी सूचकांकों में पिछड़े हुए हैं। भारत को यदि 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाना भी अति आवश्यक है। यह भी सत्य है कि नए परिसीमन के चलते उत्तर प्रदेश पहले के मुकाबले राजनीतिक रूप से आज अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भारत के आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बड़ी भूमिका के निर्वहन में यूपी, समाज के विभिन्न स्तरों के साथ राजनीतिक नेतृत्व के जरिए योगदान दे सकता है। यदि उत्तर प्रदेश नेतृत्व करे तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन सकता है। यूपी को आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, आईपी और एआई के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, रक्षा उत्पादों के निर्माण और फार्मास्यूटिकल्स सरीखे उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दावा किया कि 2015-2016 से 2019-2021 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चला है कि इस अवधि के दौरान 13.5 करोड़ लोगों में से अकेले यूपी में 3.43 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। यह एक चौंका देने वाली संख्या है। 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों पर केंद्रित रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से गरीबों की संख्या में कमी का इशारा करती है। गरीबी कम होने के मामले में बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य यूपी के बाद ही आते हैं। सरकार ने दावा किया है कि रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि राज्य भर के गांवों में गरीबों की संख्या तेजी से घटी है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन की गुणवत्ता सरीखे मानकों पर भी बेहतरीन परिणाम दिखे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट पर आगरा के उद्यमी और रोटरी क्लब के प्रमुख मनीष मित्तल कहते हैं कि पूरे उत्तर प्रदेश में उत्साहजनक माहौल है। राज्य सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। मेरा विश्वास करें, हमारा व्यवसाय अच्छा चल रहा है और हम आर्थिक विकास में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। काम के इच्छुक लोगों के लिए काम की कोई कमी नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, पोषण से वंचित गरीबों की संख्या 2015-16 में 30.40%से घटकर 2019-21 में 18.45%रह गई है। इसमें कहा गया है कि बच्चों और किशोरों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है, जो 2015-16 में 3.81%से गिरकर 2019-21 में 2.20%हो गई है। राज्य में मातृ स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मातृ मृत्यु दर 2015-16 में 25.20% से घटकर 2019-21में 15.97% हो गई है। इसके अलावा, खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं रखने वाले गरीबों का प्रतिशत 2015-16 में 34.24% के मुकाबले 2019-21 में 17.95% था। इसके अलावा पीने के पानी से वंचित लोगों की संख्या 2015-16 में 2.09%के मुकाबले 2019-21 में 0.93% हो गई। इसमें कोई दोराय नहीं कि कभी विकास के पैमाने पर पिछड़े यूपी में आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। खैर, आज दुनिया भी यह मानने लगी है कि उत्तर प्रदेश अब गरीब और बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि एक ऐसा राज्य है जहां पिछले छह वर्षों में 5.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह दुख की बात है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें गरीबी तो दूर कर नहीं पाई, लेकिन खोखला नारा जरूर देकर गईं। सपा के नारे जातिवाद और अराजकता के चंगुल में फंसकर भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए जबकि बसपा शासन में यूपी विकास की दौड़ में अन्य राज्यों से काफी पीछे रह गया। उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्षों में जो विकास और जनकल्याण के कार्य दिखे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। लेकिन, पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव स्पष्ट दिख रहा था। उन्होंने किसानों और व्यापारियों का भरपूर शोषण किया, युवाओं के साथ अन्याय भी किया और महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाला।

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**


# अर्थव्यवस्था में डगमगाते चीन की फिर कोई चालाकी तो नहीं?

> कोरोना वायरस को लेकर पहले से दुनिया भर में शक की निगाहों से देखे जाने वाले चीन ने भी इस महामारी के चलते जबरदस्त मंदी का दौर देखा। लेकिन तब इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया क्योंकि हर कहीं मांग और आपूर्ति की श्रृंखला धीमी पड़ गई थी। यह भी सच है उस समय बाजार से ज्यादा लोगों को जान की परवाह थी। इस कारण भी एक तरह से पूरी दुनिया ने ये समझौता कर लिया था कि पहले जान फिर जहान। लेकिन कोविड के धीमा पड़ते ही जब पूरी दुनिया अपनी बरबाद अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम तरह के जतन में जुट गई तब चीन में ऐसा क्या हुआ कि पूरी अर्थव्यवस्था जबरदस्त डगमगाने लगी? अगर केवल एक वर्ष का अन्तर देखें तो बीते जुलाई के मुकाबले इस बार 2.1 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई 2022 में यह 14.5 प्रतिशत थी जबकि इस बार 12.4 प्रतिशत पहुंच गई। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पिछले साल के आंकड़े ही सारी कहानी बयां करते हैं। आयात और निर्यात दोनों में गिरावट के चलते चीन की विकास दर 1976 के बाद पहली बार घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई जो कोविड के दौर को छोड़कर सबसे कम थी।

दुनिया के पास अब तमाम वो कारण हैं जिससे यह मानने में कोई गुरेज नहीं कि चीन की अर्थव्यवस्था एक बार फिर बहुत बुरे दौर में है। कोरोना वायरस को लेकर पहले से दुनिया भर में शक की निगाहों से देखे जाने वाले चीन ने भी इस महामारी के चलते जबरदस्त मंदी का दौर देखा। लेकिन तब इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया क्योंकि हर कहीं मांग और आपूर्ति की श्रृंखला धीमी पड़ गई थी। यह भी सच है उस समय बाजार से ज्यादा लोगों को जान की परवाह थी। इस कारण भी एक तरह से पूरी दुनिया ने ये समझौता कर लिया था कि पहले जान फिर जहान। लेकिन कोविड के धीमा पड़ते ही जब पूरी दुनिया अपनी बरबाद अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम तरह के जतन में जुट गई तब चीन में ऐसा क्या हुआ कि पूरी अर्थव्यवस्था जबरदस्त डगमगाने लगी? अगर केवल एक वर्ष का अन्तर देखें तो बीते जुलाई के मुकाबले इस बार 2.1 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई 2022 में यह 14.5 प्रतिशत थी जबकि इस बार 12.4 प्रतिशत पहुंच गई। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पिछले साल के आंकड़े ही सारी कहानी बयां करते हैं। आयात और निर्यात दोनों में गिरावट के चलते चीन की विकास दर 1976 के बाद पहली बार घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई जो कोविड के दौर को छोड़कर सबसे कम थी। परदे के पीछे कहीं न कहीं चीन की सत्ता का खेल भी समझ आता है। गौरतलब है कि चीन ने परमाणु शस्त्रागार की जिम्मेदारी संभालने वाले दो टॉप जनरलों को सफाई का मौका दिए बगैर सीधे बर्खास्त कर दिया। इसे क्या समझा जाए कि बर्खास्त सैन्य जनरलों की जगह कम अनुभव वाले अधिकारियों को बिठाना भ्रष्टाचार से लड़ने की मजबूरी है या वजह सत्ता में बने रहने की जिद? पूरी दुनिया को पता है कि वहां की स्थानीय सरकारें कर्ज के बोझ तले दबी हैं, भ्रष्टाचार रोकने के लिए रेगुलेटर कंपनियों पर नकेल कसने की कोशिशें जोरों पर हैं। वहां युवाओं में बेरोजगारी भी अपने रिकॉर्ड स्तर पर है। अर्थजगत के जानकारों का मानना है कि ऐसे हालात थोड़े और समय तक रहे तो चीन के आर्थिक विकास की दर और नीचे जा सकती है। चूंकि वहां खर्चों में पहले ही लगाम लगी है ऐसे में उत्पादन और घटा तो बेरोजगारी अपने चरम पर होगी। मामला केवल सप्लाई और डिमांड तक होता तो भी बात समझ आती। मौजूदा आर्थिक हालात इसी से समझ आते हैं कि चीनी रीयल एस्टेट कारोबार भी जबरदस्त मुश्किलों से घिरा है। सबसे बड़ी रीयल एस्टेट कंपनी एवरग्रैंड लगभग दिवालिया हो चुकी है। सरकार इसे ऑक्सीजन देकर किसी तरह जिन्दा रखे है और कोशिशें हैं कि फिर उठ खड़ी हो। यदि आईएमएफ के आंकड़ों को देखें तो कहानी साफ है। 2021 में चीन की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की रफ्तार में थी जो 2022 में 3 प्रतिशत पर आ टिकी।अब 2023 में यह 5.2 प्रतिशत तक बढ़ना अनुमानित है। बावजूद इसके चीन अपनी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने खातिर कोई कदम उठाता नहीं दिखता। निश्चित रूप से 18 ट्रिलियन डॉलर की चीनी अर्थव्यवस्था अभी काफी सुस्त है। इसे परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स8 यानी पीएमआई से भी समझना होगा जो एक मिश्रित सूचकांक होता है। इससे मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का आकलन होता है। इसमें विभिन्न कारोबारों से जुटे प्रबंधकों की रायशुमारी तथा उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित अंकों से किसी भी कारोबारी गतिविधि का विस्तार और सफलता पता चलती है। आंकड़ों के लिहाज से 50 को आधार माना जाता है। जहां आंकड़े 50 से ऊपर होते हैं वहां मान लिया जाता है कि कारोबार विस्तार की ओर है। जहां ये नीचे चले जाते हैं वहां पतन की तरह देखा जाता है। चीन का जून में पीएमआई सूचकांक 50.5 था जो जुलाई में 49.1 पर जा गिरा। ये व्यापार के लिहाज से अच्छा नहीं है। अभी जुलाई में घरों की बिक्री में 33 प्रतिशत तक की गिरावट आई जो रियल एस्टेट के हालातों का इशारा है। यह भारत के लिए फायदेमंद और नुकसानदेह दोनों हो सकता है। तेल में गिरावट होने पर भारत दुनिया से आपूर्ति में अपना हिस्सा बढ़ाकर ज्यादा मुनाफा कमा सकेगा। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि चीन ही भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर है। न-न करते 2021-22 में उसके साथ 11.2 प्रतिशत साझेदारी रही जो करीब 116 अरब डॉलर के आसपास है। ऐसे में यदि चीन खर्चों में कटौती करेगा तो भारत से निर्यात घटेगा। वहीं, भारतीय बाजार थोक में चीन के सामान से पट जाएंगे। दवा, सोलर सेल व पार्ट्स, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों पर हम चीन पर ही निर्भर हैं। इनका प्रभावित होना तय है। अर्थव्यवस्था की बदहाली से पहले भी तमाम कारणों के चलते चीन दुनिया भर में शक की निगाहों से देखा जाता है। इसीलिए उंगलियां उसी पर उठ रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि अपने घरेलू बाजार पर ध्यान देने की रणनीति हो? तमाम उद्योग प्रधान देश सस्ते चीनी सामान के आगे अपना सामान नहीं बेच पाएं? ऐसा होने से प्रभावित देशों के निवेश में जबरदस्त कमी आएगी और बेरोजगारी भी बढ़ेगी।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता रहे कल्याण सिंह जी की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैंने उनके साथ वर्षों तक काम किया और उनकी संगठन और प्रशासनिक क्षमता को बड़े करीब से देखा। वे राजनीति को जनहित और राष्ट्रहित का माध्यम मानते थे। रामजन्मभूमि आंदोलन में जो प्रभावी भूमिका उन्होंने निभाई और अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में देश एवं समाज की जो सेवा उन्होंने की, उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जायेगा।

**(रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ट्विटर अकाउंट से)**



झारखंड में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो गईं हैं। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर सचिवालय तक चढ़ावा संस्कृति ने राज्य का सत्यानाश कर दिया है। गरीब लोगों को सामान्य दस्तावेज बनवाने के लिए भी ₹चढ़ावा₹ देना पड़ता है, तभी विभागीय कर्मचारी उसे अप्रूव करता है। सोचिए, बड़े कामों के लिए क्या और कितना तक चढ़ावा देना पड़ता होगा? हेमंत सरकार में जैसा काम - वैसा दाम।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता लाभ

भारत में विकास परियोजनाएं लगातार चलती रहती हैं। इनके सामाजिक प्रभाव भी पड़ते रहे हैं, मगर इन योजनाओं के सामाजिक प्रभावों का समग्र मूल्यांकन उच्च कोटि की अकादमिक संस्थाओं द्वारा कम ही किया जाता है। हालांकि अब यह स्थिति कुछ बदल रही है। पिछले साल केंद्रीय विश्वविद्यालय, आइआइटी, आइआइएम एवं अन्य शोध संस्थानों जैसी उत्कृष्ट संस्थाओं ने गत नौ वर्षों में भारत सरकार द्वारा संचालित एवं लागू की गईं विकास योजनाओं का अध्ययन किया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, पीएम जनधन योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, वन नेशन-वन कार्ड आदि योजनाओं को शामिल किया गया है। यह अध्ययन अब पुस्तक के रूप में भी प्रकाशित हो रहा है। इसमें पिछले करीब एक दशक के दौरान भारत में हुए विकास एवं सामाजिक परिवर्तन का लेखाजोखा है। इस अध्ययन के अनुसार 2016 से 2023 के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना ने अपने 71 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। इस अवधि में 2.07 करोड़ घर निर्मित किए गए हैं। इस योजना में आवंटित कोष के उपयोग की दर भी संतोषजनक रही। इसके लिए निर्धारित बजट की 86 प्रतिशत राशि योजना को लागू करने की प्रक्रिया में खर्च की गई। इसने अति उपेक्षित एवं जरूरतमंद लोगों के घर के सपने को पूरा किया है। वहीं, उज्ज्वला योजना ने भारत की गरीबों एवं ग्रामीण महिलाओं को बड़े पैमाने पर चूल्हे के धुएं से उत्पन्न होने वाली बीमारियों एवं कष्टों से बचाया है। इससे उनके जीवन में गुणात्मक परिवर्तन आया है। ग्रामीण महिलाओं का चूल्हे-चौके में खर्च होने वाला समय तो बचा ही है, इसने उन्हें सामाजिक प्रतिष्ठा भी दी है। कहा जाता है कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों में से अनेक ने पहली बार के बाद गैस सिलेंडर नहीं भरवाया। इसके लिए बढ़ती महंगाई को कारण बताया गया। नए अध्ययन से जाहिर होता है कि कई लाभार्थियों द्वारा पहली बार के बाद गैस सिलेंडर न भरवाने के कारणों में महंगाई नहीं, बल्कि अन्य परंपरागत विकल्पों की मौजूदगी है। इन नौ वर्षों में देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली भी खाद्य सुरक्षा की एक जरूरी एवं सफल योजना के रूप में सामने आई है। तकनीक के इस्तेमाल ने इस प्रक्रिया में होने वाले भ्रष्टाचार एवं लीकेज यानी रिसाव को न्यूनतम स्तर पर तो ला ही दिया है, लाभार्थियों को इसका लाभ लेने की प्रक्रिया में होने वाली परेशानी को भी खत्म कर दिया है। कोविड के समय में तो इस योजना ने लोगों की जीवनरेखा के रूप में काम किया। साथ ही वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना से पीडीएस को जोड़ कर प्रवासी श्रमिकों के लिए इसे ज्यादा कारगर, आसान बनाया गया है। लक्ष्य आधारित पीडीएस तो गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में उभरा है, जिसने उनमें बेहतर जीवन की आकांक्षा उत्पन्न की है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने भी पीडीएस से होने वाले सामाजिक लाभ का विस्तार करते हुए खाद्य सुरक्षा की दिशा में अगला कदम बढ़ाया है, जो 2020 की विकट परिस्थिति में प्रारंभ की गई थी। इस योजना ने देश के गरीब एवं हाशिये पर खड़े सामाजिक समूहों को न केवल अन्न सुरक्षा प्रदान की है, बल्कि उनमें बेहतर जीवन की आकांक्षा भी पैदा की है। यही आकांक्षा की शक्ति गरीब सामाजिक समूहों को जनतंत्र की परिधि में सम्मानित ढंग से शामिल करती है एवं उन्हें लोग से नागरिक में रूपांतरित करते हुए उनमें नागरिक बोध पैदा करती है। स्वच्छ भारत मिशन ने भारतीय समाज में सफाई एवं स्वास्थ्य बोध जगाया है। इससे खुले में शौच एवं कूड़ा निष्पादन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



हरित क्रांति के बाद भी अपने देश में अन्न व सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार शोध हो रहे हैं। कई ऐसी उन्नत किस्में विकसित हुई हैं जिनका लाभ किसानों के साथ-साथ उत्पादन बढ़ाने में हुआ है। यह झारखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान यहां हैं। यहां के कृषि वैज्ञानिक निरंतर फसलों और सब्जियों की किस्म और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य करते रहते हैं। यह भी अच्छी बात है कि राज्य में कृषि क्षेत्र की संभावनाओं को देखते हुए काम किया जाता है। मडुआ जिसे रागी भी कहा जाता है, की किस्मों के विकास और उत्पादन की दिशा में उल्लेखनीय काम हुए हैं। इस मोटे अनाज की उपयोगिता को देखते हुए यह समय की जरूरत भी थी। चिकित्सक भी इसके उपयोग की सलाह देते हैं। लोग भी इसकी पौष्टिकता के बारे में जान चुके हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से इनदिनों मशरूम का उत्पादन बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। निस्संदेह मशरूम भी पौष्टिक गुणों से भरपूर है। इस संस्थान के पौध रोग विज्ञान विभाग में मशरूम उत्पादन यूनिट हैं। यहां बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती पर 28 दिवसीय दूसरे प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम में रांची, खूंटी एवं लातेहार जिले के 6 लोगों के साथ कृषि स्नातक पाठ्यक्रम अधीन अनिवार्य अनुभवनात्मक अध्ययन कार्यक्रम से जुड़े आठ छात्र-छात्राएं भी भाग ले रहे हैं। कुलपति डा. ओंकार नाथ सिंह के सुधारात्मक प्रयासों से बीएयू के मशरूम उत्पादन यूनिट में सालोंभर बटन मशरूम की खेती किया जाना संभव हुआ है। पोषण से भरपूर बटन मशरूम की खेती भूमिहीन किसानों एवं बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार का एक बेहतर विकल्प है।

**चंदन बैठा, समाजसेवी कांके विधानसभा।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## सावन की सातवीं सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**NOAMUNDI :** सावन की सातवीं सोमवारी व नाग पंचमी पर गुवा के तीनों शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। हालांकि सातवीं सोमवारी पर नाग पंचमी रहने के कारण यह सोमवार बहुत ही शुभ माना जा रहा है। इस शुभ दिन पर गुवा के तीनों शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सबसे ज्यादा भीड़ गुवा कुसुम घाट स्थित शिवालय में जुटे। शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गुवा प्रशासन ने तीनों शिवालयों में पुलिस बल तैनात किया था, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक करने में कोई परेशानी ना हो। गुवा के तीनों शिवालय कुसुम घाट, योग नगर तथा स्टेशन कॉलोनी स्थित शिवालय में लोगों ने लाइन लगाकर जलाभिषेक किया। वहीं योग नगर स्थित शिवालय में मंदिर कमेटी की ओर से खीर एवं खिचड़ी का वितरण किया गया।

## ट्रेन से गिरकर यात्री घायल, गंभीर

**MANOHARPUR :** सोमवार को चक्रधरपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर डाउन गीतांजलि एक्सप्रेस ट्रेन के नीचे आने से एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में यात्री का बांया पैर कट गया है। घायल व्यक्ति टाटानगर का रहने वाला है। यात्री गीतांजलि ट्रेन से टाटानगर के लिए आ रहा था। चक्रधरपुर स्टेशन पर वह चलती ट्रेन में चढ़ने लगा। इससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन के नीचे आ गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं चक्रधरपुर आरपीएफ पुलिस की मदद से घायल यात्री को चक्रधरपूर रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। वहां स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जमशेदपुर (टाटानगर) रेफर कर दिया।

## मोबाइल टावर के डीजी सेट से उपकरण की चोरी

**KIRIBURU :** किरीबुरू टाउनशिप क्षेत्र में लगे एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर में लगे डीजी सेट के उपकरणों की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। इस घटना की शिकायत मिलने के बाद किरीबुरू पुलिस चोरों की गिरफ्तारी में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि उक्त टावर की देखरेख हेतु संचार कंपनी द्वारा प्राइवेट कर्मचारी को रखा गया था, इसके बावजूद डीजी सेट से उपकरण की चोरी हो गई। उपकरण चोरी होने के बाद से डीजी सेट काम नहीं कर रहा है। ऐसे में जब टाउनशिप क्षेत्र की बिजली चली जाती है तो संचार सेवा भी ठप हो जाता है। इससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## किरीबुरू के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**KIRIBURU :** सावन की सातवीं सोमवारी को किरीबुरू स्थित श्री लोकेश्वर नाथ मंदिर एवं मेघाहातुबुरु स्थित मां काली मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सैकड़ों महिला व पुरुषों ने मंदिर में पूजा-अर्चना व जलाभिषेक किया। दोनों मंदिरों में शिव भक्तों के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा महाभोग का आयोजन किया गया था।

# 24 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला आबकारी विभाग ने प्लांटसाइट रोड से 2 लाख से अधिक का गांजा जब्त किया। इस दौरान आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया और उस ऑटो को जब्त कर लिया गया, जिसमे गांजा ले जाया जा रहा था। युवक कंधमाला इलाके का रहने वाला है। विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी कर 23 किलो 766 ग्राम गांजे के साथ ऑटो को जब्त कर लिया। कंधमाल जिले के देवराज



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी। • फोटोन न्यूज

कहेर नाम के एक शख्स को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ऑटो चालक मौके से भाग गया। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# आरएसपी में मेरी माटी-मेरा देश अभियान पर कार्यक्रम आयोजित, पंच प्रण की ली गयी शपथ

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र ने आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान मेरी माटी मेरा देश अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पीके सत्पथी मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मुख?य महा प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) बी.कुल्लू, मुख्य महा प्रबंधक (टीएएवंसीएसआर) पीके स्वाईं और संयंत्र के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी



कार्यक्रम में शामिल आरएसपी के कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

उपस्थित थे।

समारोह के दौरान ह्यपंच प्राण शपथह्व ली गई। ओडिशा के स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा से सुशोभित दुगार्पुर पहाड़ी की तलहटी में स्थित आजादी पार्क से मुट्ठी भर मिट्टी लेकर शपथ ली। वहीं उपस्थित लोगों के साथ आजादी उद्यान के पास विकसित ह्यअमृत वाटिकाह्व उद्यान में ह्यबउलह्व का पौधा लगाया।

# तालचर-विमलगढ़ रेललाइन निर्माण की मांग नागरिक सुरक्षा समिति का महासम्मेलन आयोजित

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला नागरिक समिति की 11वीं मांग को लेकर रविवार को एक महासम्मेलन का आयोजित हुआ। सम्मेलन भंजभवन सभागार में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में तालचर बिमलगढ़ रेलवे लाइन का शीघ्र निर्माण, एम्स ढांचे के तहत सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चलाने, पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कॉलेज खोलने आदि की मांग की गई।

इसके साथ ही राउरकेला में एक विशेष विश्वविद्यालय खोलने और राउरकेला को विशेष रेल मंडल का दर्जा देने की भी मांग की



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य। • फोटोन न्यूज

गई।

सम्मेलन में रघुनाथपल्ली विधायक सुब्रत तराई, बनई विधायक लक्ष्मण मुंडा, श्रमिक नेता बिष्णु मोहंती समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इसके अलावा सम्मेलन में अधिवक्ता गिरीश महापात्र, प्रशांत सेठी ने भी अपना-अपना भाषण दिया।

## सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** श्रावण मास की सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने शहर और उसके आसपास के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पुरुषोत्तम मास की सोमवारी की अपेक्षा सावन मास के तीसरे सोमवार पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था की है। साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए पूजा का सामान भी रखा गया है। ताकि श्रद्धालु इन चीजों को लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सके।

# 780 लीटर अवैध शराब के साथ एक ऑटो जब्त



जब्त शराब के साथ पुलिसकर्मी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला मोबाइल यूनिट राउरकेला और उत्पाद विभाग, सदर रेंज राउरकेला के द्वारा सोमवार को पेट्रोलिंग के दौरान कुकुड़ा रेलवे गेट पर 780 लीटर देशी शराब के साथ एक ऑटो जब्त किया। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बंगोरकेला कुकुडा राय टोल में 158 लीटर शराब और 2210 किलोग्राम फॉमेंर्टेड वॉश जब्त किया गया। इसे उत्पाद विभाग के अधिकारियों के सामने ही नष्ट किया गया।

# राउरकेला कर्ण महिला संघ का दूसरा स्थापना दिवस मना

**PHOTON NEWS ROURKELA :** कर्ण महिला संघ का दूसरा स्थापना दिवस सोमवार को मदर टेरेसा शांति भवन में मनाया गया। महिलाओं को वस्त्र वितरित किया गया। 110 आश्रितों को कर्ण महिला संघ के द्वारा बिस्किट, फल, मिठाई और जूस प्रदान किया गया। शांति भवन की प्रमुख ने कर्ण महिला संघ को धन्यवाद व्यक्त किया।

वहीं सदस्यों ने राउरकेला क्लब के प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता दशार्या गया, पौधारोपण में फलदार



स्थापना दिवस में शामिल कर्ण महिला संघ के लोग। • फोटोन न्यूज

वृक्ष आम,बेल साथ ही वातावरण में स्वच्छ वायुप्रसार के मद्देनजर पीपल और नीम के पौधें लगाए गए। इस दौरान सदस्यों ने केक काटा। इस दौरान रश्मि दास,रंजना दास,नुतन दास,रीना दास, ज्योति दत्त, रंजीता प्रसाद, रीनु आदि उपस्थित थे।

# राउरकेला में 46 लाख रुपये की लागत विभिन्न योजनाओं का हुआ शुभारंभ

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राज्य सरकार की विशेष समस्या निधि को बिसरा ब्लाक के माध्यम में लगभग 46 लाख रुपये की लागत पर विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ हुआ। राउरकेला के विभिन्न स्थानों जैसे छंद कॉलोनी में बीजू महिला समिति, राजा बिहार उमाश की पीठ में सूर्य मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर गणेश मंदिर, उदित नगर यूथ क्लब हॉल, वसंती कॉलोनी एफई ब्लॉक त्रिनाथ मंदिर एफएल ब्लॉक सनी मंदिर, मधुसूदन पल्ली महिला समिति, टिंबर कॉलोनी शांति भवन, गिरधारी बस्ती



बैठक में उपस्थित लोग। • फोटोन न्यूज

बसन्ती पूजा मंडप, नयाबाजार के जगन्नाथ मंदिर शुभारंभ हुआ।

बिसरा ब्लाक के इंजीनियर नीरज साहू, बीजेडी नगर अध्यक्ष गगन पांडा, रश्मीबाला मिश्र, जयंत कुमार मिश्रा, सुदाम दास, युवा अध्यक्ष सुशांत राउत, जिला महासचिव गणेद्र जेना, वरिष्ठ नेता आनंद चंद्र मोहंती, श्रीचरण मोहंती, शंकर त्रिपाठी, अनिल जेना, पचानन रथ, मनु मोलिक, बाबुली दास, गंगा जेना, बीएम पटनायक, केके मिश्रा, गणेश भुइयां, पिताबाश कांडी, अक्षय नायक, रंजन नायक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# रीतम भुइयां ने 28वीं वाईजीटीटीए टेबल टेनिस में जीता चैपिंयनशिप का खिताब

**PHOTON NEWS ROURKELA :** रीतम भुइयां ने 28वीं वाईजीटीटीए ऑल ओडिशा स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2023 में चैंपियनशिप खिताब जीता है। 11 वर्ष से कम आयु वर्ग टूर्नामेंट ओडिशा राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में 12 से 16 अगस्त तक जेएन इंडोर स्टेडियम, कटक में आयोजित किया गया था।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के छठी कक्षा के छात्र रीतम को उसके पिता ने कोविड़ के दौरान 2020 में खेलने के लिए प्रेरित किया। उसने कोच सनी सिंह के कुशल देख रेख में इन्डोर स्टेडियम में




अपना अभ्यास आरंभ किया था। रीतम ने अपना पहला राज्य स्तरीय प्रदर्शन अगस्त 2022 में किया, जहाँ वह सेमीफाइनल खेला। जुलाई 2023 में रीतम भुवनेश्वर में आयोजित यूथ बॉयज अंडर 13 वर्ग टीटी चैंपियनशिप में उपविजेता रहे।

# हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम के अलावा पूरे देश से हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए आदिवासी समाज के लोगों ने दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया। सोमवार को आयोजित धरना-प्रदर्शन में झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम और महाराष्ट्र आदि राज्यों के आदिवासी समाज के दो हजार से ढाई हजार लोग शामिल हुए। इसमें लगभग 1500 से 2000 किलोमीटर की लंबी यात्रा तय कर हो भाषा बोलने वाले लोग दिल्ली पहुंचे। हो समाज के प्रतिनिधि ने



धरना प्रदर्शन में शामिल आदिवासी समाज के लोग। • फोटोन न्यूज

केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में 2024 से पहले शामिल नहीं किया जाता है तो झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ मिलकर अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

इसमें झारखंड और ओडिशा से लौह अयस्क देश के किसी भी कोने में ले जाने नहीं दिया जाएगा। वहीं आदि संस्कृति एवं विज्ञान संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष दामोदर सिंह हांसदा ने भी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हो भाषा को संविधान कील आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया तो कोल्हान से लौह अयस्क नहीं निकलने दिया जाएगा। मौके पर सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि आठवीं अनुसूची में शामिल करना लंबी मांग है। इस मांग को पूरा करने की जरूरत है। आदिवासी समाज आज भी पिछड़ा हुआ है। उनकी समस्याओं को दूर करना सत्ताधारी पक्ष की जरूरत है। इस दौरान बबलु सुंडी, सिरजोन, गब्बर सिंह हेम्ब्रम, बीरसिंह बुरीउली, बाबू राम सोय, गोनो हेस्सा आदि उपस्थित थे।

## SR RUNGTA GROUP के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता संपन्न

# 200 कराटेकारों ने लिया भाग, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा संत जेवियर कल्याण केंद्र चाईबासा में चौथी जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ पश्चिमी सिंहभूम के बैनर तले आयोजित की गई। एसआर रूंगटा ग्रुप के सौजन्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में 200 कराटेकारों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे व अंतिम दिन समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय पुलिस सेवा के पदाधिकारी सह सहायक पुलिस अधीक्षक पारस राणा शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कराटे हमारे जीवन में अनुशासन लाती है। इसीलिए आज के दौर के अनुसार सभी को कराटे का प्रशिक्षण लेना चाहिए, खास कर



प्रतिभागियों के में शामिल मुख्य अतिथि व अन्य। • फोटोन न्यूज


लड़कियों को कराटे सीखना अति आवश्यक है। सभी बच्चों को किसी न किसी खेल से जुड़े रहना चाहिए। क्योंकि खेल शरीर का व्यायाम होता है और व्यायाम मस्तिष्क को मजबूत बनाती है, जो पढ़ाई के लिए बहुत उपयोगी साबित होता है।

**अतिथियों ने विजेताओं के बीच किया पुरस्कार वितरण :** पुरस्कार वितरण समारोह में सहायक पुलिस अधीक्षक पारस राणा, एलआरडीसी एजाज अनवर, पश्चिम सिंहभूम जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश, चाईबासा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, संत जेवियर बालक उच्च विद्यालय चाईबासा के प्रधानाध्यापक फादर यूजीन एक्का, संत जेवियर बालक उच्च विद्यालय लुपुंगुटु के प्रधानाध्यापक फादर किशोर, डॉक्टर विजय मूंदड़ा, संत मेरी स्कूल के प्रधानाध्यापक आफताब आलम, संत विवेका स्कूल के प्रधानाध्यापक राम अवतार अग्रवाल, स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष सेंसाई पंकज कुमार सिंह, जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ पश्चिमी सिंहभूम के उपाध्यक्ष मास्टर इरशाद अली ने सभी विजेता खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। मंच संचालन सह धन्यवाद ज्ञापन सेंसाई रघुनाथ गोप ने किया।

**इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान :** इस अवसर पर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ पश्चिमी सिंहभूम के महासचिव नरेश हेस्सा, संत जेवियर कल्याण केंद्र के प्रभारी राकेश तिग्गा, सेंसाई डॉ. अमरेश अनीश, सेंसाई मानसिंह बानरा, सेंसाई राघुनाथ गोप, मंजीत सिंह बोयपाई, निरंजन दास, स्नेहा सलोमी बालमुचू, रवि मछुवा, राजा घोष, वीर सिंह बारी, गणेश सोय, ऋतिक देवगम, देवाशीष प्रसाद खंडाइत, पंकज बिरुली, निहारिका बिरूली, वीणा मुंडा, साहिल पासवान, अंशु विश्वकर्मा, स्नेहा सिंह का सराहनीय योगदान रहा। यह जानकारी स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष सेंसाई पंकज कुमार सिंह ने दी।

# नक्सलियों ने अर्जुन सुरीन की हत्या कर फंदे पर लटकाया

**PHOTON NEWS KIRIBURU :** भाकपा माओवादी नक्सलियों ने रविवार की मध्य रात्रि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कदमडीहा पंचायत के लौवाबेड़ा ग्राम निवासी अर्जुन सुरीन (45 वर्ष) की हत्या पुलिस मुखबिरी के आरोप में कर दी। नक्सलियों ने हत्या करने के बाद अर्जुन को फांसी के फंदे से लटकाया। पुलिस मृतक का शव बरामद करने के लिए निकल गई है। लगातार दो दिन में दो ग्रामीणों की हत्या से आसपास के क्षेत्रों में भय व आतंक का माहौल है। इससे पहले नक्सली कदमडीहा पंचायत के गितिलपी गांव निवासी रांदो सुरीन की हत्या गला रेत कर दी थी।



सूत्रों का कहना है कि नक्सली रांदो सुरीन एवं अर्जुन सुरीन का अपहरण एक ही दिन किया गया था। रांदो सुरीन की हत्या उसके गांव के पास मुख्य सड़क पर कर दिया था, जबकि अर्जुन सुरीन की हत्या उसके गांव लौवाबेड़ा में कर फांसी के फंदे से लटका दिया। कोल्हान वन प्रमंडल के जंगल को काटकर लौवाबेड़ा गांव बसाया गया है। इसे झारखड का गोड़ा अथवा झारखंड गांव भी कहा जाता है। नक्सली निरंतर आदिवासियों की ही हत्या कर आदिवासी विरोधी बनते जा रहे हैं। इसको लेकर नक्सलियों के खिलाफ आदिवासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



# फिर चर्चा में परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की शादी

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और आप सांसद राघव चड्ढा एक बार फिर से अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल, दोनों की शादी को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सामने आई खबरों के मुताबिक, परिणीति और राघव ने अपनी शादी की तारीख और जगह का चुनाव कर लिया है। जोड़ा राजस्थान में भव्य समारोह में शादी रचाने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स में परिणीति और राघव की शादी का भी खुलासा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों अगले महीने की 25 तारीख को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। परिणीति और राघव की शादी की तारीख और जगह की खबरों ने दोनों के चाहनेवालों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है।

एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की शादी की तारीख का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों अगले महीने 25 सितंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की शादी राजस्थान में होगी। शादी में सिर्फ परिवार और दोस्त शामिल होने वाले हैं। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि अभिनेत्री की तरफ से शादी की तैयारियां शुरू कर दी गयी है। हालाँकि, परिवार या जोड़े की तरफ से शादी के बारे में किसी भी तरह की जानकारी साझा नहीं की गयी है। बता दें, परिणीति भी प्रियंका चोपड़ा की राह पर चल रही है। प्रियंका ने भी राजस्थान के जोधपुर में हॉलीवुड अभिनेता-सिंगर निक जोनस के साथ सात फेरे लिए थे।



# सनी देओल की गदर 2 पर हेमा ने दिया ऐसा रिएक्शन

गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हो चुकी है। यह सनी देओल की करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म है। फिल्म की सफलता का सारा श्रेय सनी के धमाकेदार परफॉर्मेंस को जाता है। तारा सिंह के किरदार को सनी देओल ने आग का शोला बना दिया और दर्शक सिनेमाघर में झूम उठे।

बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी इस फिल्म की तारीफ सुन कर अपने आपको रोक नहीं पाई और हाल ही में अपने सौतेले बेटे सनी की फिल्म 'गदर 2' देखी और अपना रिएक्शन दिया। हेमा मालिनी जैसे ही गदर 2 देख कर सिनेमाहॉल से बाहर निकली उनका रिएक्शन पूछा गया। उन्होंने कहा गदर 2 देख कर आई हूं। बहुत ही अच्छी फिल्म है। जैसी उम्मीद थी वैसी ही है। बहुत दिलचस्प है। ऐसा लग रहा है कि 80 के दशक का दौर फिर एक बार लौटा आया है। अनिल शर्मा का डायरेक्शन बहुत शानदार है। फिल्म में देशभक्ति और भाईचारे का मैसेज है। सनी देओल की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि सनी की एक्टिंग शानदार है। उत्कर्ष शर्मा और सिमरन की एक्टिंग की भी तारीफ हेमा मालिनी ने की। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में हेमा मालिनी की थिएटर से बाहर निकलते हुए तस्वीर को री-पोस्ट किया है। पहली बार सनी ने हेमा के प्रति अपने प्यार का इस तरह इजहार किया है। वरना वे अपने इस इमोशन को छिपाते हुए आए हैं। हाल ही में उन्होंने हेमा मालिनी की बेटियों ईशा और आहना के साथ भी थिएटर के बाहर फोटोग्राफर्स को पोज़ दिए थे।

# प्रियंका ने रेस्टोरेंट सोना से बनाई दूरी



अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपडा ने अपने रेस्टोरेंट सोना से दूरी बना ली है। उन्होंने अपनी पार्टनरशिप तोड़ दी है। प्रियंका चोपड़ा ने दो साल पहले मनीष के गोयल के साथ पार्टनरशिप रेस्टोरेंट खोला था। मनीष ने कहा कि रेस्टोरेंट की क्रिएटिविटी के पीछे प्रियंका थी। हम उनकी पार्टनरशिप और सपोर्ट के लिए आभारी हैं। प्रियंका अब हमारी क्रिएटिव पार्टनर नहीं हैं। वह सोना फैमिली का हिस्सा रहेंगी और हम अपने नए चैप्टर के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। प्रियंका से जुड़े एक प्रतिनिधि ने कहा- सोना को जीवन में लाना उसके करियर में हमेशा एक गौरवपूर्ण और महत्वपूर्ण पल होगा। सोना से दूर जाने से उसे इन महत्वाकांक्षाओं को और अधिक वैश्विक स्तर पर विस्तारित करने की अनुमति मिलती है, और वह उन संभावनाओं के बारे में उत्साहित है जो इंतजार कर रही हैं। प्रियंका चोपड़ा के बिजनेस की बात करें तो उनका लग्जरी होमवेयर ब्रांड सोना होम है। उनका हेयरकलर ब्रांड और एक प्रोडक्शन कंपनी भी है।

# फरदीन ने अपनी एक शर्टलेस तस्वीर की पोस्ट

बॉलीवुड एक्टर फरदीन खान ने अपनी टोन्ड बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए एक शर्टलेस सेल्फी शेयर की है। फोटो के बैकग्राउंड में सनसेट और समुद्र की लहरें दिख रही हैं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक शर्टलेस तस्वीर पोस्ट की, जिसमें



उन्होंने अपने बीच डे की झलक दिखाई। उन्होंने कैप्शन में लिखा - सूरज, समुद्र सूर्यास्त... एक खूबसूरत दिन का परफेक्ट अंत। उनके परफेक्ट ट्रांसफॉर्मेशन की तस्वीर देखकर दोस्त और सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट्स के जरिए तारीफ करने लगे। एक्ट्रेस दीया मिर्ज़ा ने उन्हें एक सॉन्ग डेडीकेट किया- हियर कम्स द सन। उन्होंने आगे कहा, मेरे दोस्त ऐसे ही चमकते रहो। अभिनेता अभिषेक बच्चन ने फायर इमोजी शेयर किया। उनकी आखिरी फिल्म 2010 में दूल्हा मिल गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह संजय गुप्ता की विस्फोट से फिल्मों में वापसी करने वाले हैं। उम्मीद है कि वह संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करेंगे।


# चंद्रयान 3 को लेकर प्रकाश राज ने उड़ाया मजाक




अभिनेता प्रकाश राज ने चंद्रयान 3 का बनाया मजाक। सोशल मीडिया पर भड़के लोग और प्रकाश राज को कहा शर्म करो। दरअसल प्रकाश राज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने चंद्रयान-3 और विक्रम लैंडर को लेकर एक कार्टून शेयर किया। इस कार्टून में एक किरदार चाय के साथ नजर आ रहा है। वह शर्ट और लुंगी पहने हुए है और बड़े अनोखे अंदाज में चाय डालते हुए दिखाया गया है। इसका कैप्शन उन्होंने लिखा- ब्रेकिंग न्यूज। ये देखिए विक्रम लैंडर से आई चांद की पहली झलक। वॉउ। समझने वाले समझ गए कि चाय वाले के जरिये पीएम मोदी पर तंज किया गया है। इस पर सोशल मीडिया के यूजर्स भड़क गए। एक ने लिखा कि आपका नाम प्रकाश है, लेकिन मतलब अंधकार है। लोगों को इस बात का बुरा लगा कि चंद्रयान 3 का मजाक बनाया गया।

एक यूजर ने लिखा है कि आप इतना गिर गए हैं। मुझे आप पर शर्म आती है। मुझे इसरो पर गर्व है। जय हिंद। एक यूजर ने लिखा है कि यह बीजेपी का नहीं इसरो का मिशन है। अगर ये सफल होता है तो भारत के लिए होगा न कि किसी पार्टी के लिए। आप क्यों चाहते हैं कि यह मिशन फेल हो जाए। इसरो को राजनीति नफरत से अलग रखिए। कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने भी इस पोस्ट के लिए प्रकाश राज की आलोचना करते हुए इसे शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि इस शर्मनाक ट्वीट के लिए मैं प्रकाश राज की निंदा करता हूं। गौरतलब है कि प्रकाश राज लगातार बीजेपी और पीएम मोदी की आलोचना करते रहते हैं।


# शमा सिकंदर ने मनाया अपने प्यारी डॉगी 'कैस्पर' का बर्थडे, साथ बिताया वक्त



एक्ट्रेस शमा सिकंदर भारतीय मनोरंजन उद्योग में सबसे प्रशंसित और अद्भुत व्यक्तित्वों में से एक हैं। उनके स्वैग और आकर्षण की कोई सीमा नहीं है और उनकी शानदार और आकर्षक सोशल मीडिया उपस्थिति इस तथ्य को अच्छे प्रभाव से प्रमाणित करती है। इंस्टाग्राम पर 3.2 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ, शमा सिकंदर एक अभिनेत्री, निर्मात्री और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता के रूप में मशहूर हैं। शमा का दिल और आत्मा सही जगह पर है और वह अपने छोटे बालों वाले बच्चे 'कैस्पर' से बेहद जुड़ी हुई है। उनका पालतू कुत्ता कैस्पर अक्सर उनके सोशल मीडिया हैंडल पर विशेष उपस्थिति दर्ज कराता है और कोई आश्चर्य नहीं कि नेटिज़न्स हर समय उसे देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। शमा कैस्पर के प्रति अपने प्यार और स्नेह को व्यक्त करने से कभी नहीं कतराती हैं और अगर यह उनके जन्मदिन जैसा कोई विशेष अवसर है, तो प्यार और देखभाल सामान्य से दोगुना होने की उम्मीद है। कैस्पर के दूसरे जन्मदिन के अवसर पर, शमा ने अपने छोटे बच्चे को पहली बार शॉपिंग मॉल में ले जाकर लाड़-प्यार करने का फैसला किया। उन्होंने उसे अपना अभिभावक देवदूत कहा और वीडियो में, कैस्पर को मॉल में अपने दिन का आनंद लेते हुए, मुस्कुराते हुए और शानदार समय बिताते हुए वीडियो में देखा जा सकता है। खैर, बिल्कुल अद्भुत और मनमोहक, है ना? क्या आप सभी कैस्पर की सुन्दरता से आश्चर्यचकित नहीं हैं? एक सर्वोत्कृष्ट 'पाव बडी' जो मार्शमैलो जितना मीठा है, शायद उसका वर्णन करने का यह आदर्श तरीका है। कैस्पर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

## बेहद स्टाइलिश दिखीं एंजेलीना ब्लैक

हाल ही में हॉलीवुड की खूबसूरत हसीना एंजेलीना जोली को न्यूयॉर्क सिटी में स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको इम्प्रेस करती नजर आईं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान एंजेलीना ब्लैक लुक में बेहद स्टाइलिश दिखीं। ब्लैक कोट-पैंट के साथ चेहरे पर काला चश्मा लगाए एक्ट्रेस का स्वैग देखते ही बन रहा है। एक हाथ में ब्लैक एंड व्हाइट बैग कैरी किए एंजेलीना कैमरे के सामने जबरदस्त पोज देती नजर आईं। फैंस को एक्ट्रेस का ये लुक काफी पसंद आ रहा है। काम की बात करें तो एंजेलीना जोली को आखिरी बार साल 2021 में फिल्म इंटरनल्स देखा गया था। एंजेलीना जोली हॉलीवुड इंडस्ट्री की एक जानी-मानी एक्ट्रेस हैं, जो अपने काम से ज्यादा लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस की खूबसूरती के चर्चे अक्सर सोशल मीडिया पर होते रहते हैं।



# घूमर में बेटे के अभिनय से बेहद खुश है बिग बी

मेगास्टार अमिताभ बच्चन घूमर में अपने बेटे अभिषेक बच्चन के अभिनय को लेकर बेहद खुश हैं। बच्चन ने कहा कि उन्?होंने फिल्मों में एक के बाद जटिल किरदार निभाए हैं, जो अलग-अलग होते हुए भी बेहद प्रभावशाली हैं। अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने घूमर को एक बेहतरीन फिल्म बताया। उन्होंने लिखा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि घूमर एक बहुत ही बेहतरीन फिल्म है। मैं इसे एक पिता के रूप में और फिल्म इंडस्ट्री के सदस्?य के रूप में कह रहा हूं। इतनी कम उम्र से अभिषेक इंडस्ट्री में हैं, आपने बेहद दृढ़ विश्वास, विविधता और आत्मविश्वास के साथ सबसे जटिल किरदार निभाए हैं। हर एक किरदार कठिन और अलग होते हुए भी बेहद प्रभावशाली हैं। अमिताभ की पोस्ट पर बेटे अभिषेक ने जवाब दिया: लव यू पा। बता दें कि घूमर एक प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज अनीना की कहानी है, जो एक दुर्घटना में अपना दाहिना हाथ खो देती है। एक असफल क्रिकेटर उन्हें नई आशा देता है। जो उसकी किस्मत बदलने के लिए उसे प्रशिक्षित करता है।

